इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत


दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## कैबिनेट के फैसले

# पंचायत और निकाय चुनावों में ओबीसी को आरक्षण मिलेगा, नई औद्योगिक नीति को भी मंजूरी



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में हुई। कैबिनेट बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए छत्तीसगढ़ सहकारी विपणन संघ को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए स्वीकृत राशि 14,700 करोड़ रुपये की वैधता एक साल बढ़ाकर 31 अक्टूबर 2025 तक की गई है।

### पंचायत और नगरीय निकायों में ओबीसी आरक्षण

पंचायत और नगरीय निकायों में ओबीसी आरक्षण की सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। ओबीसी के लिए 50त्न आरक्षण की अधिकतम सीमा तक आरक्षण दिया जाएगा, हालांकि उन निकायों में जहां अनुसूचित जाति और जनजाति का आरक्षण 50त्न से अधिक है, वहां ओबीसी आरक्षण नहीं होगा।

### शिक्षक संवर्ग का संविलियन

पंचायत संवर्ग के 97 शिक्षकों का स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन किया गया है। अन्य योग्य शिक्षकों का संविलियन पंचायत विभाग की अनुशंसा पर किया जाएगा।

### नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30

छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक विकास नीति को मंजूरी दी गई, जो 1 नवंबर 2024 से प्रभावी होगी। इसमें औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने के प्रावधान रखे गए हैं। नई नीति में संतुलित औद्योगिक विकास के लिए विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

राज्य में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना पुनः शुरू की जाएगी। इसके तहत 60 वर्ष या अधिक आयु के दिव्यांग, विधवा, और परित्यक्ता महिलाओं को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का प्रावधान किया गया है। इसके लिए 25 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का कार्यान्वयन

तकनीकी शिक्षा विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू करने का निर्णय लिया गया है, जिससे छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण और लचीली शिक्षा प्रणाली मिलेगी।

### आईटी, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए रियायती भूमि आवंटन

नवा रायपुर में सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवाएं, शैक्षणिक संस्थानों और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों के विकास हेतु रियायती दर पर भूमि आवंटित की जाएगी।

### आवासीय परिसर निर्माण के लिए भूमि आवंटन

ग्राम नियानार, जगदलपुर में एनएमडीसी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर निर्माण हेतु 118 एकड़ भूमि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को दी जाएगी।

### रजिस्ट्री शुल्क में युक्तिकरण

अचल संपत्ति के दस्तावेजों के रजिस्ट्रीकरण शुल्क को युक्तिकरण का निर्णय लिया गया है, जिससे आम जनता को लाभ मिलेगा।

### नगर पालिका अधिनियम में संशोधन

छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1956 और 1961 में संशोधन के प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया।















# कलेक्टर ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम के संबंध में प्रेसवार्ता ली




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 कार्यक्रम के संबंध में प्रेसवार्ता ली। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा एवं पत्रकारगण उपस्थित थे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम अंतर्गत प्रारंभिक प्रकाशन मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा। इसके संबंध में दावा आपत्ति मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 से गुरूवार 28 नवम्बर 2024 तक प्रस्तुत की जाएगी। विशेष शिविर का आयोजन शनिवार 9 नवम्बर 2024, रविवार 10 नवम्बर 2024, शनिवार 16 नवम्बर 2024 एवं रविवार 17 नवम्बर 2024 को किया जाएगा। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण मंगलवार 24 दिसम्बर 2024 तक किया जाएगा। स्वास्थ्य मापदंडों की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करने तथा डेटाबेस को अपडेट करने और सप्लीमेंट्स की छपाई करने का कार्य बुधवार 1 जनवरी 2025 को किया जाएगा। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अंतर्गत अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि विधानसभावार मतदान केन्द्रों की 1006 है। राजनांदगांव जिला अंतर्गत 840 मतदान केन्द्र है। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत 97 मतदान केन्द्र एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत 69 मतदान केन्द्र आते है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत 270 मतदान केन्द्र आते है। राजनांदगांव जिला अंतर्गत 173 मतदान केन्द्र एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत 97 मतदान केन्द्र आते है। जिसमें खैरागढ़ तहसील अंतर्गत 97, डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत 80, घुमका तहसील अंतर्गत 61, राजनांदगांव तहसील अंतर्गत 32 मतदान केन्द्र है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव के तहत राजनांदगांव तहसील अंतर्गत 223 मतदान केन्द्र है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत 252 मतदान केन्द्र आते है। जिसमें डोंगरगांव तहसील अंतर्गत 132, डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत 54, लाल बहादुर नगर अंतर्गत 66 मतदान केन्द्र है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत 261 मतदान केन्द्र है। राजनांदगांव जिला अंतर्गत 192 मतदान केन्द्र है एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत 69 मतदान केन्द्र आते है। जिसमें छुरिया तहसील अंतर्गत 106, कुमरदा तहसील अंतर्गत 86, अम्बागढ़ चौकी तहसील अंतर्गत 69 मतदान केन्द्र है। विधानसभावार अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 की स्थिति में कुल मतदाताओं की संख्या 8 लाख 19 हजार 282 है। जिसमें 4 लाख 83 हजार 317 पुरूष मतदाता, 4 लाख 10 हजार 956 महिला मतदाता एवं 9 अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत कुल मतदाता 2 लाख 10 हजार 682 है। जिसमें 1 लाख 6 हजार 61 पुरूष मतदाता, 1 लाख 4 हजार 615 महिला मतदाता एवं 6 अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदाता 2 लाख 12 हजार 707 है। जिसमें 1 लाख 4 हजार 339 पुरूष मतदाता, 1 लाख 8 हजार 366 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदाता 2 लाख 3 हजार 937 है। जिसमें 1 लाख 2 हजार 560 पुरूष मतदाता एवं 1 लाख 1 हजार 377 महिला मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदाता 1 लाख 91 हजार 956 है। जिसमें 95 हजार 357 पुरूष मतदाता, 96 हजार 598 महिला मतदाता एवं 1 अन्य मतदाता है।

विधानसभावार प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 की स्थिति में कुल मतदाताओं की संख्या 8 लाख 20 हजार 924 है। जिसमें 4 लाख 8 हजार 758 पुरूष मतदाता, 4 लाख 12 हजार 160 महिला मतदाता एवं 6 अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत कुल मतदाता 2 लाख 11 हजार 446 है। जिसमें 1 लाख 6 हजार 310 पुरूष मतदाता, 1 लाख 5 हजार 133 महिला मतदाता एवं 3 अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदाता 2 लाख 13 हजार 501 है। जिसमें 1 लाख 4 हजार 560 पुरूष मतदाता, 1 लाख 8 हजार 939 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदाता 2 लाख 3 हजार 276 है। जिसमें 1 लाख 2 हजार 182 पुरूष मतदाता, 1 लाख 1 हजार 93 महिला मतदाता एवं 1 अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदाता 1 लाख 92 हजार 701 है। जिसमें 95 हजार 706 पुरूष मतदाता एवं 96 हजार 995 महिला मतदाता है।

राजनांदगांव जिला अंतर्गत अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 की स्थिति में कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 99 हजार 123 है। जिसमें 3 लाख 47 हजार 23 पुरूष मतदाता, 3 लाख 50 हजार 901 महिला मतदाता एवं 7 अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत कुल मतदाता 1 लाख 39 हजार 116 है। जिसमें 69 हजार 797 पुरूष मतदाता, 69 हजार 344 महिला मतदाता एवं 5 अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदाता 2 लाख 12 हजार 707 है। जिसमें 1 लाख 4 हजार 339 पुरूष मतदाता, 1 लाख 8 हजार 366 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदाता 2 लाख 3 हजार 937 है। जिसमें 1 लाख 2 हजार 560 पुरूष मतदाता एवं 1 लाख 1 हजार 377 महिला मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदाता 1 लाख 43 हजार 363 है। जिसमें 71 हजार 548 पुरूष मतदाता एवं 71 हजार 814 है। राजनांदगांव जिला अंतर्गत अंतिम प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 की स्थिति में कुल मतदाताओं की संख्या 7 लाख 208 है। जिसमें 3 लाख 48 हजार 438 पुरूष मतदाता, 3 लाख 51 हजार 764 महिला मतदाता एवं 6 अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत कुल मतदाता 1 लाख 39 हजार 590 है। जिसमें 69 हजार 945 पुरूष मतदाता, 69 हजार 642 महिला मतदाता एवं 3 अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदाता 2 लाख 13 हजार 501 है। जिसमें 1 लाख 4 हजार 560 पुरूष मतदाता, 1 लाख 8 हजार 939 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदाता 2 लाख 3 हजार 276 है। जिसमें 1 लाख 2 हजार 182 पुरूष मतदाता, 1 लाख 1 हजार 93 महिला मतदाता एवं 1 अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदाता 1 लाख 43 हजार 841 है। जिसमें 71 हजार 751 पुरूष मतदाता एवं 72 हजार 90 महिला मतदाता है।

कलेक्टर ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 में संशोधन अनुसार धारा 14-अर्हता तिथि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर एवं धारा 23 नाम जोड़ना आधार नंबर परिचय हेतु तथा धारा 20 साधारण निवासी पत्नि व पति के आधार पर के आधार पर नाम जुड़वाया जा सकता है। इसके साथ ही मतदाता का पंजीयन नियम 1960 संशोधन अंतर्गत नियम 7 धारा 20 के तहत फॉर्म-1 घोषित कार्यालय के साधारण निवासी के कथन हेतु-अब पत्नि के आधार पर पति भी साधारण निवासी, फॉर्म-2 सशस्त्र सेनाओं में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारी का कथन पत्नि के आधार पर पति भी, फॉर्म-2ए सशस्त्र पुलिस बल के सदस्य जो राज्य के बाहर पदस्थ है, फॉर्म-3 भारत सरकार की सेवा में भारत के बाहर पदस्थ सदस्य, नियम 13-दावा व आपत्ति के फॉर्म नाम जोड़ने फार्म-6, नाम हटाने फार्म-7, नाम सुधारने स्थानान्तरित करने फार्म-8 है। नियम 15 अंतर्गत फार्म 6 में प्राप्त आवेदनों की सूची फार्म 9, फार्म 7 में प्राप्त आवेदनों की सूची फार्म 10, फार्म 8 में प्राप्त संशोधन आवेदनों की सूची फार्म 11, फार्म 8 में प्राप्त एक ही विधानसभा में स्थानान्तरण हेतु आवेदनों की सूची फार्म 11 ए, फार्म 8 में प्राप्त एक विधानसभा से दूसरे विधानसभा में स्थानान्तरण हेतु आवेदनों की सूची फार्म 11 बी है। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने बताया कि वोटर सर्विस पोर्टल व मतदाता हेल्पलाइन एप की सहायता से मतदाता, मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, मतदाता पंजीकरण, संशोधन एवं विलोपन के लिए ऑनलाईन फॉर्म भरने, ई-इपिक डाऊनलोड करने, डिजिटल फोटो मतदाता पर्ची डाउनलोड करने, शिकायत करने, मतदान केन्द्र का विवरण खोजने का कार्य आसानी से कर सकते हैं। साथ ही वोटर आईडी कार्ड के साथ आधार लिंक करने के लिए फार्म 6बी ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु उसी मतदान केन्द्र के एक मतदाता को अपने दल की ओर से बीएलए नियुक्त कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला स्तरीय कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। कार्यालयीन समय में 1950 नम्बर पर संपर्क कर निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## संयुक्त कलेक्टर अतुल विश्व कर्मा होंगे नये आयुक्त

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन द्वारा प्रदेश भर में प्रशासनिक सेवा के 23 अधिकारियों का स्थान इधर से उधर किया गया है। इस में राजनांदगांव नगर निगम के आयुक्त अभिषेक गुप्ता भी चपेट में आए हैं। हालांकि कि उन्हें अपर कलेक्टर बना कर बलौदा बाजार भेज दिया गया है। उसके साथ पर राजनांदगांव के संयुक्त कलेक्टर अतूल विश्वकर्मा जी नगर निगम आयुक्त का कार्यभार संभालेंगे। बता दें कि अभिषेक गुप्ता के नगर निगम आयुक्त रहते उनकी कार्य प्रणाली से लोग संतुष्ट नहीं थे।

## स्टेट हाईस्कूल मैदान में भारतीय सिल्क एक्सपो का भव्य शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। शहर के खैरागढ़ रोड स्थित स्टेट स्कूल मैदान में भारतीय सिल्क एक्सपो का मुख्य अतिथि के हाथों भव्य शुभारंभ किया गया है। सिल्क एक्सपो के भव्य शुभारंभ होते ही यहां खरीददारी के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है। एक्सपो के संचालक कृष्णा सिंह ने बताया कि संस्कारधानी नगरी में पहली बार लगे इस सिल्क एक्सपो में लज्जतदार खाना के अलावा यहां उपलब्ध एक से बढ़ कर वस्तुएं की खरीदी के साथ-साथ की गई सुखद मनोरंजन की व्यवस्था की गई है जिसके कारण लोग बड़ी संख्या में खरीदी करने करने आ रहे हैं और सिल्क एक्सपो में दिनों-दिन भीड़ बढ़ती जा रही है। एक्सपो के संचालक ने बताया कि सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलने वाले इस सिल्क एक्सपो में बनारसी साड़ी, कांजीवरम, कोसा साड़ी, काश्मीरी सूट, भागलपुरी सिल्क,खादी वस्त्र, ड्रेस लेडिस कुर्ता, टाप, बेल्ट, पर्स, लेदर बैग, वुडन आइटम, क्रांकरी व प्लास्टिक की वस्तुएं तथा ब्यूटी कास्मेटिक आइटम का एक से बढ़कर रेंज बना हुआ है। जो किफायती दाम में लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। संचालक कृष्णा सिंह ने बताया कि स्टेट स्कूल मैदान में मनोरंजक झूलों के साथ खरीदी का आनंद लेने के लिए भारतीय सिल्क एक्सपो में लोग पधार रहे हैं साथ ही एक ही स्थान पर खाना खरीदी व मनोरंजन का लाभ मिलने से लोग इसका आनंद लेने बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही हैं । इससे भारतीय सिल्क एक्सपो की रौनक देखते ही बन रहा है। उन्होंने लोगों को लज्जतदार खाने सहित मनोरंजन के साथ साथ खरीदी का लाभ लेने इस सिल्क एक्सपो में पधारने अपील की है।

## आज रन फॉर यूनिटी का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत जिले में राष्ट्रीय एकता के संदेश को फैलाने के लिए समाज के सभी वर्गों के लोगों के सहयोग से आज 29 अक्टूबर को सुबह 7 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरव पथ में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई जाएगी।

## मटन मार्केट 31 अक्टूबर को बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार भगवान महावीर स्वामी निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 31 अक्टूबर दिन गुरूवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने

## दीपावली पर निगम ने दिया रोशनी का उपहार



**वार्ड के अंदर, अंधेरा एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में लग रही 15 सौ से अधिक लाईट**

राजनांदगांव (दावा)। निगम सीमाक्षेत्र स्थित वार्डो में जहॉ नये खम्बे लगे है वहा तथा अंधेरा व दुर्घटनाजन्य क्षेत्र जहॉ पर लाईट नहीं लगी थी, जिससे नागरिकों को रात में आने जाने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी परेशानी होती थी, जिसे ध्यान में रखकर नगर निगम उन क्षेत्रों में 15 सौ से अधिक लाईट लगा रही है। जिसमें अधिकांश लाईट अब तक लगाई जा चुकी है। इस प्रकार नगर निगम नागरिकों को उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रख दीपावली पर्व पर रोशनी का उपहार दे रही है।

महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता की पहल पर नगर निगम सीमाक्षेत्र के अंधेरा क्षेत्र जहॉ पर लाईट नहीं लगी थी, इसके अलावा दुर्घटनाजन्य क्षेत्र जहॉ पर लाईट की आवश्यकता थी, वहॉ लाईट लगाने की कार्यवाही की जा रही है। उन क्षेत्रों को चिन्हांकित कर मोहारा बाईपास रोड, कन्हारपुरी बाईपास रोड, पेन्ड्री अटल आवास रोड में लगभग 75 लाईटे लगायी जा चुकी है, जहॉ लाईट नही थी और दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। इसी प्रकार शहर के मुख्य मार्ग जी.ई.रोड में लाईटे लगायी जा रही है तथा मुक्तिधाम, चिखली, मठपारा तालाब के आस पास भी लाईटे लगायी गयी।

महापौर एवं आयुक्त ने बताया कि शहरी मुख्यमंत्री विद्युतीकरण योजना के तहत वार्डो में नये विद्युत पोल लगाये गये है, जहॉ लाईट लगायी गयी तथा जो लाईटे खराब हो गयी थी उसे भी बदलकर नयी लाईट लगायी गयी। इस प्रकार 1530 लाईट दीपावली के पूर्व वार्डो में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि शहर के मुख्य मार्गो के डिवाईडर के विद्युत पोलों में रोप लाईट भी लगाया जा रहा है, जिसके तहत आर.के.नगर से कमला कालेज चौक, दिग्विजय स्टेडियम से महामाया चौक एवं निगम कार्यालय के सामने, रेल्वे स्टेशन रोड में रोप लाईट लगाया गया है। उन्होंने बताया कि शहर के वार्डो के विद्युत खम्बों में वार्डवासियों के लिये आवश्यकता अनुसार लाईट लगाई जाती है, समय-समय पर उसे मरम्मत भी किया जाता है। दीपावली को ध्यान में रखकर शहर में लाईटे लगायी जा रही है, जिससे दीपावली त्यौहार में शहर में रोशनी का वातावरण निर्मित हो।

## नगर के प्रतिभावान राहुल बाजपेयी बने सब इंस्पेक्टर



**लक्ष्य को मिले पंख ,अब उड़ान भरने तैयार...**

राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित बाजपेई परिवार के होनहार बेटे राहुल बाजपेई का चयन सब इंस्पेक्टर पद पर हुआ है । आज जारी किए गए व्यापम के नतीजों में राहुल बाजपेई के चयन को खुद राहुल सहित परिजनों ने मां लक्ष्मी का आशीष बताया है। शुरू से ही अपना लक्ष्य इस पद हेतु निर्धारित करने वाले राहुल ने हमें बताया कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। उन्होंने लक्ष्य प्राप्ति पर माता-पिता सहित बड़े पापा और चाचा के आशीर्वाद को सफलता का श्रेय दिया।

व्यापम द्वारा 2018 में आयोजित सब-इंस्पेक्टर परीक्षा के परिणाम आज घोषित किए गए। उक्त परीक्षा में नगर के प्रतिष्ठित स्व. रामनाथ बाजपेई के पोते एवं संजय-रामेश्वरी बाजपेई के द्वितीय पुत्र राहुल बाजपेई ने सफलता अर्जित की है। कान्यकुब्ज सभा के वरिष्ठ सुनील बाजपेई एवं सक्रिय सदस्य संदीप बाजपेई के भतीजे राहुल का शैक्षणिक रिकॉर्ड शुरू से ही बेहतर रहा है। अत्यंत ही कोमल एवं व्यवहार कुशल राहुल ने अपने अध्ययन के समय से ही सब-इंस्पेक्टर सहित प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य निर्धारित कर रखा था। हमसे चर्चा के दौरान राहुल ने बताया कि वे पीएससी की तैयारी में जुटे हुए थे। इसी दौरान 2018 में 600 पदों के लिए एसआई की भर्ती का विज्ञापन जारी हुआ। उन्होंने आवेदन करने के साथ अपनी तैयारी को और अधिक दुरुस्त करते हुए चयन के लिए प्रयास शुरू कर दिया। एसआई की लिखित परीक्षा के उपरांत फिजिकल टेस्ट बड़ा मायने रखता है, इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने शारीरिक व्यायाम की दिशा में कदम बढ़ाते हुए अखाड़े में नियमित अभ्यास भी जारी रखा ।

स्थानीय वेसलियन अंग्रेजी स्कूल से कक्षा बारहवीं तक का अध्ययन पूरा कर उन्होंने दिग्विजय महाविद्यालय से कॉमर्स में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। तत्पश्चात समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की । राहुल का मानना है कि यह कहकर अपनी किस्मत को नहीं कोसना चाहिए कि नौकरी पाना बहुत ही जटिल काम है। उन्होंने कहा है कि मन में ली गई प्रतिज्ञा को वास्तविकता में बदलने के लिए गांठ बंधना भी जरूरी है, कि सफलता कैसे नहीं मिलेगी। संजय बाजपेई के द्वितीय पुत्र राहुल बाजपेई ने अपनी सफलता पर सभी परिजनों सहित शुभ चिंतकों के आशीष को ही श्रेय माना है।

## ग्रीष्मकालीन धान पर रोक स्वीकार्य नहीं - किसान संघ

राजनांदगाँव (दावा)। ग्रीष्मकालीन धान पर रोक को किसानों ने एक पक्षीय एवं भेदभाव पूर्ण करार देते हुए खारिज किया एवं कहा कि ये बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। रविवार को किसान संघ की बैठक कृषि उपज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में आयोजित की गई थी जिसके विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक में तय किया गया कि मंगलवार को कलेक्टर से मिलकर ग्रीष्मकालीन धान पर अपना पक्ष रखेंगे। वही ग्रीष्मकालीन धान सहित, किसान न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त, समर्थन मूल्य में 177 रू. की वृद्धि का लाभ दिलाते हुए 3217 रू. में धान खरीदी एवं धान खरीदी अवधि में 13 दिनों की कटौती नही करते हुए 13 फरवरी तक धान खरीदी करने की मांग मुख्यमंत्री तक पहुंचाने 6 नवंबर बुधवार को रायपुर कूच करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश किसान संघ द्वारा इन्ही मुद्दों पर हस्ताक्षर अभियान पूर्व से चलाया जा रहा है। अब इसमें ग्रीष्मकालीन धान का मुद्दा भी जुड़ गया है।

मुख्यमंत्री से मांगा गया था समय - 7 अक्टूबर को जिला प्रशासन के माध्यम से 25 अक्टूबर तक मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा गया था लेकिन कोई भी जवाब नही मिला। अब राजधानी पहुंचकर अपनी बात किसान पहुंचाएगें। 29 अक्टूबर मंगलवार को जिला कार्यालय के सामने ज्यादा से ज्यादा संख्या में 11 बजे उपस्थित होने की अपील की गई है।

जल संकट से निपटने ग्रीष्मकालीन धान पर रोक एकपक्षीय एवं भेदभाव पूर्ण है। जल संकट सिर्फ किसानों का मुद्दा नही, ये एक सार्वभौम मुद्दा है लेकिन सिर्फ किसानों को धान बोने से रोकना न्याय संगत नही है। उद्योगों में पानी खपत को लेकर सरकार की क्या नीतियाँ है ये भी स्पष्ट किया जाना चाहिए। सरकारी विकास परियोजनाएँ कितनी जल संरक्षण हितैषी है इनका भी मूल्यांकन एवं सुधार किया जाना चाहिए।

लाखों की संख्या में बन रहे प्रधानमंत्री आवास में वर्षा जल संवर्धन का काम क्यों नहीं किया जाता? कलेक्ट्रेट सहित विभिन्न सरकारी इमारतों एवं नगर निगम क्षेत्रों में बन रहे आवासीय एवं व्यावसायिक इमारतों में वर्षा जल संवर्धन का काम पहले शुरू करना चाहिए। गांव-गांव में विकास के नाम पर कांक्रीटी करण के डिजाइन कितने जल संरक्षण हितैषी है। दस सालों से विरोध के बावजूद हसदेव के जंगल काटकर मिनी माता जलाशय का अस्तित्व खतरे में डालकर किसानों से कहा जा रहा है धान मत लगाओं। राजनांदगांव शहर के कुएं नष्ट कर दिए गए। बुढ़ासागर, रानीसागर को पाटकर सडक़ बना डाला गया। अब किसान के पेट में लात मारेंगें।

## मिट्टी के दीप जलाये - राकेश ठाकुर



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी सनातन धर्म सेवा परिवार के सेवा प्रमुख राकेश ठाकुर ने सभी सनातनी भाई बहनों को दीपावली के पावन अवसर पर अपने अपने घरों में मिट्टी के दीप प्रज्वलित करने का आव्हान् किया है। श्री ठाकुर ने बताया कि, मिट्टी के दीप का पौराणिक महत्व है एवं इसका वैज्ञानिक आधार भी है। मिट्टी के दीप एवं तेल से जले दीये से जहां वातावरण में व्याप्त अनेक सूक्ष्म वायरस को हटाकर वातावरण को शुद्धता प्रदान करता है, वही दीप प्रज्वलन के शुभ संकल्पों का फैलाव 'सर्वे भवन्तु सुखिनां' का सनातनी मूल उद्देश्य के प्राप्ति मे सहायक होता है एवं आने वाली पीढ़ी को दीप के आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व का ज्ञान होता है। वर्तमान में पश्चात्य सभ्यता की वजह से धार्मिकता की जगह व्यवसायिकता के कारण अनेक बनावटी (अर्टिफिशियल) विशेषकर चाईनीस प्रोडक्ट दीप बाजार में सस्ते मे बिकते हैं, जिससे वास्तव मे प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है एवं दीप प्रज्वलन का पौराणिक महत्व खत्म हो जाता है। मिट्टी के दीप खरीदकर इसमें लगे हुए सभी सनातनी परिवार को भी दीपावली खुशी से मनाने का सु-अवसर प्रदान कर छोटे-छोटे कुटीर कार्य का बढ़ावा देकर राष्ट्रीय विकास में अपनी सहभागिता प्रदान करें एवं असहाय बच्चों को मिठाई बांटकर भगवान श्री राम के आर्दशों के अनुरूप दीवाली मनाये।

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
स्त्री 2
सरकटे का आतंक
कलाकार - राजकुमार राव - श्रद्धा कपूर, अक्षय कुमार, वरूण धवन



ता. 1 से भुल भुलैय्या-3
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
25th OCT to 30th OCT 2024
silver SCREEN



Dastaavej (C.G) - 12:15 pm
Bandaa Singh Chaudhary (Hindi) - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Vicky Vidya Ka Who Wala Video (Hindi) - 03:15, 06:15 and 09:15 pm
Venom The Last Dance (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

### न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव
### ईश्तहार

रा.मा.क. अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधांशु सिंह पिता श्री विजय बहादुर सिंह निवासी विवेकानंद नगर द्वारा ग्राम कौरिनभाठा प.ह.नं. 38 की भूमि खसरा नं. 97/31 रकबा 0.020 हे. को वसीयतनामा के अनुसार नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर नामांतरण की कार्यवाही किया जा रहा है। अतः जिस किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे प्रकरण में पेशी दिनांक 18/11/2024 तक स्वयं अथवा अपने कोई विधिक प्रतिनिधि के जरिये उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं । नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत की जाने वाली आपत्ति / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 25/10/ 2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

जारी दिनांक 25/10/2024
पेशी दिनांक 18/11/2024

**तहसीलदार, राजनांदगांव**

### न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.मा.क्र. 3512 अ/20 (1) वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विचारदास साहू निवासी मोहल्ला लखोली वार्ड नंबर 32 राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला लखोली शीट क्रमांक 77बी भूखण्ड क्रमांक 107 क्षेत्रफल 325.00 वर्गमीटर भूमि का निर्धारण कर अमरदास, टेहरदास, विचारदास, प्रकाशमणी एवं नारायणदास सभी आ. ठुनूदास साहू के नाम पर पट्टा प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदन पत्र अनुसार आवेदित भूमि का भू भाटक निर्धारण कर पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायलयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 28/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पंदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 18/11/2024

**नजूल अधिकारी, राजनांदगांव**

### कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
### पुराना जिला चिकित्सालय भवन जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

Email-cmho-rjn.cg@gov.in, Ph.-07744-224084

क्रमांक /स्था./ सीधी भर्ती / 2024/6017 राजनांदगांव दिनांकः- 25.10.24

**।। सूचना ।।**

जिला स्तरीय ड्रेसर ग्रेड-1 एवं ड्रेसर ग्रेड-2 के नियमित पदों की भर्ती के संबंध में द्वितीय दावा आपत्ति मंगवाये जाने हेतु सूची का प्रकाशन विषयक जिला स्तरीय रिक्त पदों ड्रेसर ग्रेड-1 एवं ड्रेसर ग्रेड-2, के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से पूर्ति करने हेतु आनलॉईन माध्यम से आमंत्रित आवेदन पत्रों के आधार पर विभागीय चयन समिति की अनुशंसा, अनुमोदन तथा निर्देश के परिपालन में दस्तावेज सत्यापन पश्चात पात्र अपात्र अभ्यार्थियों की द्वितीय सूची का प्रकाशन कर दावा आपत्ति आमंत्रित किये जाने के संबंध में सूचना एवं सूची का प्रकाशन विभागीय वेबसाईट (www.cghealth.nic.in) के माध्यम से किया जा रहा है। अतः ड्रेसर ग्रेड-1 एवं ड्रेसर ग्रेड-2 के पात्र अपात्र अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि अभ्यार्थी अपना दावा आपत्ति संलग्न निर्धारित प्रारूप में भरकर इस कार्यालय द्वारा उक्त कार्य हेतु बनाये गये ईमेल आईडी healthrjn@gmail.com पर दिनांक 26.10.2024. से 04.11.2024 तक कार्यालयीन समय सायं 05.00 बजे तक स्वप्रमाणित दस्तावेज संलग्न करते हुयें प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त ईमेल आईडी के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

जी- 242503463/1

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्री का वास्तविक नाम सृष्टि जैन (Shrishti Jain) हैं जो कि शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज हैं। केवल मेरे पुत्री के आधार कार्ड में हिन्दी टंकण में नाम सृषटि जैन अंग्रेजी टंकण में नाम Srishti Jain दर्ज हो गया है। जिसे विलोपित कर वास्तविक नाम सृष्टि जैन (Shrishti Jain) लिखा जावें।

अतः भविष्य में मेरे पुत्री के समस्त शासकीय/अर्धशासकीय दस्तावेजों में नाम सृष्टि जैन (Shrishti Jain) दर्ज किया जावे। सूचना जानें।

शपथकर्ता
**सचिन जैन**
आ. झुम्मरलाल जैन
निवासी ग्रीन सिटी, पुलगांव रोड
दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

किराये से देना है
कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।
-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007


HYUNDAI
MAHA DIWALI BUMPER OFFER
₹4000*
एक्सचेंज मेला
राज मार्केटिंग
जूनी हटरी, देवांगन चना दुकान लाईन, राजनांदगांव (छ.ग.) मो. 7869620580, 9300120580


एस.एस.फायरवर्क्स
खैरागढ़ रोड़, गठुला, राजनांदगांव
होलसेल फटाका दुकान
सभी नामी कम्पनीयों के फटाकों की विशाल रेंज,
सबसे कम दाम पर मिलने का एकमात्र स्थान
श्री बालाजी ट्रेडर्स
बालोद रोड, राजनांदगांव
मो.9131373434, 8319737372, 9691726808


शिव शक्ति इन्टरप्राईजेस
हमारे यहां सभी प्रकार के फटाखे थोक
एवं चिल्हर भाव में उपलब्ध है...
नवागांव बाबूटोला, प्रो. नितिन बारस्कर
मो.98271-02566, 91318-15462


ओम कार श्रृंगार
हमारे यहां सभी कम्पनियों के कार श्रृंगार
सम्बंधित सभी कार्य किये जाते हैं
JBL SONY Pioneer
मैटिंग, सीट कवर, लेमिनेशन फिल्म डोरवाईजर,
व्हील कवर, नंबर प्लेट और सभी ब्रांड के म्यूजिक सिस्टम
व जीपीएस सिस्टम व ऑल एसेसरीज
मठपारा क्रिश्चियन कब्रिस्तान के पास लखोली रोड
प्रो. धनंजय सिन्हा मो.8251020730


दीपावली पर्व पर आभूषणों का विशेष कलेक्शन
पारिजात ज्वेलरी
1 ग्राम सोने के कवरिंग के आभूषण
सेट/मंगलसूत्र/चुड़ी
कुंदन सेट
ओरिजिनल मोती सेट
इमिटेशन ज्वेलरी
ब्राइडल सेट
दीपावली पर विशेष कूपन
2000/- की खरीदी पर प्रत्येक कूपन पर निश्चित उपहार पायें।
सभी प्रकार के कुंडली दोषों का समाधान राशि
और जन्म पत्रिका के रत्न (स्टोन) परामर्श
वैदिक पद्धति से कुंडली निर्माण और उसका विश्लेषण
ज्योतिषी रोहिणी ठिस्के | मो. 99770 30354



सत्यमेव जयते भारत सरकार
भारतीय डाक India Post
युवा ऊर्जा से
विकसित भारत के
संकल्प को मज़बूती
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
द्वारा
रोजगार मेला
के अंतर्गत
51,000 से अधिक सरकारी नौकरियों में चयनित
युवाओं को 40 स्थानों पर नियुक्ति पत्रों का वितरण
29 अक्टूबर, 2024 | प्रात: 10:30 बजे
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)
भारत सरकार और सहयोगी राज्य सरकारों द्वारा मिलकर रोजगार के लाखों अवसरों का सृजन
पेपर लीक के खिलाफ कड़ा कानून लाकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ पर लगाया अंकुश
ऑनलाइन सिस्टम से खाली पदों और भर्ती प्रक्रिया की निरंतर निगरानी
महिलाओं, दिव्यांगजन और आकांक्षी जिलों के अभ्यर्थियों को विशेष लाभ
यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड और आईबीपीएस जैसी प्रतिष्ठित एजेंसियों के माध्यम से नियुक्तियाँ
चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण के लिए आई-गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर 1400 से अधिक पाठ्यक्रम तथा "कर्मयोगी प्रारंभ" मॉड्यूल उपलब्ध
CBC 06301/13/0003/2425
DD NEWS
डीडी न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें।
प्रशिक्षण सम्बन्धी अधिक जानकारी के लिए कर्मयोगी मॉड्यूल वेबसाइट https://igotkarmayogi.gov.in/ पर जाएं या QR कोड को स्कैन करें



खैरागढ़ की सबसे विश्वसनीय दुकान- विश्वास एवं शुद्धता का प्रतीक
दिवाली
बबलू सेठ की दुकान
जिनेन्द्र ज्वेलर्स एवं
जिनेन्द्र क्लॉथ स्टोर्स
इस दिपावली घर की लक्ष्मी को सजायें
जिनेन्द्र ज्वेलर्स के साथ...
सोने चांदी के आभूषणों के विक्रेता
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है।
सर्टिफाईड राशि रत्न उपलब्ध
प्रो. चमन डाकलिया
पता- गुजराती हॉटल के सामने, दीवान बाड़ा, खैरागढ़ मो. 81094-71006, 94255-63224

## अनमोल दावा

> गलत होकर खुद को सही साबित करना आसान है लेकिन सही होकर खुद को सही साबित करना बहुत मुश्किल है।

# अलग-थलग दिखतीं ममता बनर्जी, बंगाल का बुद्धिजीवी समाज अब 'दीदी' के खिलाफ

बंगाल के अगले विधानसभा चुनाव नतीजों को लेकर अभी से सटीक अंदाजा लगा पाना संभव नहीं है लेकिन अगर आज के हिसाब से ममता बनर्जी के स्वभाव में दिख रहे बदलाव को परखें तो पाएंगे कि वह अपने सियासी जीवन के कठिन दौर से गुजर रही हैं। यही वजह है कि खुद को देखने-दिखाने की आदी रहीं ममता विधानसभा और उपचुनावों में सक्रिय नहीं दिख रहीं।

दो महत्वपूर्ण राज्यों-महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। अभी-अभी हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में नई विधानसभाओं का गठन हुआ है। विपक्षी मोर्चे आइएनडीआइए के लिए ये चुनाव चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण भी हैं। इसलिए इसके नेताओं की सक्रियता इन दिनों बढ़ गई है।अतीत में ऐसे मौकों पर विपक्षी गठबंधन की एक प्रमुख नेता ममता बनर्जी न सिर्फ मुखर रहती थीं, बल्कि खूब सक्रियता से भाजपा को शिकस्त देने की रणनीति बनाने में जुटी भी रहती थीं, लेकिन इन दिनों वह चुप हैं। लगातार सक्रिय और संघर्षरत रहने वाली कोई राजनीतिक हस्ती जब चुप्पी साध लेती है तो सवाल उठना स्वाभाविक होता है। दिलचस्प है कि इस चुप्पी पर सवाल भी नहीं उठ रहे हैं।

नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए पिछले साल 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक की अगुआई भले ही नीतीश कुमार ने की थी, लेकिन उसकी अहम रणनीतिकार बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी थीं। उन्होंने ही नीतीश कुमार को पटना में बैठक बुलाने का सुझाव दिया था। तब प्रधानमंत्री मोदी को शिकस्त देने की हर रणनीति और बैठक में ममता बनर्जी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थीं, लेकिन संघर्ष और सक्रियता के लिए राजनीतिक हलकों में विख्यात ममता बनर्जी इन दिनों चुप हैं।देश की कौन कहे, अब तो बंगाल तक में उनकी मुखर आवाज नहीं सुनाई दे रही। बंगाल में छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में भी उनकी कहीं उपस्थिति नजर नहीं आ रही है। कहा जा रहा है कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज की प्रशिक्षु डाक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या से उबले बंगाल ने ममता बनर्जी को झकझोर दिया है। इससे उन्हें गहरा सदमा लगा है।

बंगाल का समाज अपने बुद्धिजीवियों की बड़ी इज्जत करता है। आरजी कर मेडिकल कालेज कांड के बाद बंगाल का बुद्धिजीवी समाज ममता सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आया। सिंगुर और नंदीग्राम आंदोलन के दौरान तत्कालीन बुद्धदेव भट्टाचार्य सरकार के खिलाफ भी कुछ इसी अंदाज में बंगाल का बौद्धिक तबका सड़कों पर उतर आया था। बंगाल में जब भी वहां का बुद्धिजीवी सड़कों पर उतरता है, तब राज्य में सत्ता परिवर्तन जरूर होता है। प्रेमचंद ने साहित्य को राजनीति के आगे-आगे चलने वाली मशाल बताया है।हिंदीभाषी क्षेत्रों में उनका कथन कम ही चरितार्थ होता नजर आया है, लेकिन बंगाल के संदर्भ में प्रेमचंद का यह कथन सटीक बैठता है। कभी ममता बनर्जी के साथ बंगाल का जो बुद्धिजीवी वर्ग उठ खड़ा हुआ था, वही बुद्धिजीवी समाज अब उनके खिलाफ आक्रोश से उबलता दिख रहा है। वह सिर्फ सड़कों पर ही नहीं उतर रहा, बल्कि ममता सरकार के भ्रष्टाचार और नाकामियों को लेकर नाटक भी खेल रहा है। इस प्रकार वह नुक्कड़ सभाओं में ममता सरकार की कारगुजारियों को जनता के सामने गिना रहा है।

आज भाजपा को लोकसभा में बहुमत नहीं है तो इसकी बड़ी वजह बंगाल भी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में भाजपा ने 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन 2024 के चुनाव में उसे छह सीटों का नुकसान उठाना पड़ा। जबकि पार्टी वहां से 30 सीटों की उम्मीद कर रही थी। भाजपा की इस नाकामी की एक बड़ी वजह ममता बनर्जी का संघर्षशील चरित्र रहा।उन्होंने अपने संघर्ष और जुझारू रुख से पासा पलट दिया। लोकसभा में कांग्रेस और सपा के बाद ममता की तृणमूल कांग्रेस तीसरे नंबर की पार्टी है। बंगाल की भूमि पर भाजपा के अश्वमेध रथ को रोककर ममता बनर्जी विपक्षी गठबंधन में और अहम तथा ताकतवर होकर उभरी थीं, मगर आरजी कर मेडिकल कालेज की भयावह घटना ने उनकी नाकामियों और प्रशासनिक खामियों के साथ ही उनकी संकीर्ण राजनीति की भी पोल खोलकर रख दी है। बंगाल के लोकमानस में उबाल और उसे मिल रहे बौद्धिकों के नेतृत्व ने तृणमूल कांग्रेस को एक तरह से बैकफुट पर धकेल दिया है।इसमें दोराय नहीं कि महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों में सीधे तौर पर ममता बनर्जी का कुछ भी दांव पर नहीं है, लेकिन इसके साथ बंगाल में हो रहे उपचुनाव में उनकी पार्टी के प्रदर्शन पर सबकी नजरें होंगी। ममता बनर्जी अपने उभार के शुरुआती दिनों यानी 2012 के हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में अलग पार्टी बनाकर चुनाव मैदान में उतर गई थीं। 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी ताल ठोकने का उन्होंने एलान कर दिया था।तब की तरह भले ही वह आज झारखंड या महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में नहीं उतरतीं, लेकिन भाजपा को शिकस्त देने के लिए ये विधानसभा चुनाव और उपचुनाव ममता बनर्जी के लिए महत्वपूर्ण मौका हो सकते थे, लेकिन वह अपने स्वभाव के अनुरूप आक्रामक अंदाज में इस मौके की अनदेखी कर रही हैं। संघर्षशील और जुझारू ममता के स्वभाव में बदलाव आना मामूली बात नहीं है। इसे भारतीय राजनीति पता नहीं कितना समझ रही है, लेकिन बंगाल में महसूस होने लगा है। अब उनके समर्थक भी मानने लगे हैं कि ममता के लिए आने वाले दिन आसान नहीं रहने वाले। बेशक बंगाल विधानसभा चुनावों में अभी करीब पौने दो साल का वक्त है। तब तक क्या होगा, कहना मुश्किल है।

# दिवाली : बाज़ार में मिलने वाली मिठाई में मिलावट है या नहीं, ऐसे जाने



डिंकल पोपली

दिवाली रोशनी का त्योहार और रौनक का त्योहार तो है ही साथ ही साथ मिठाइयों का भी त्योहार है.इस दौरान घर के फ्रिज़ से लेकर खाने के टेबल तक मिठाइयों के डिब्बे नज़र आते हैं. लेकिन इस दौरान मिठाइयों में मिलावट की भी चिंता लोगों को सताती है. इन दिनों बड़ी मात्रा में मिलावटी दूध, घी, खोया आदि की खेप पकड़ी भी जाती है.विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा इसलिए होता है क्योंकि इन दिनों मिठाइयों की मांग और तेज़ हो जाती है,और यही वजह है कि बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अक्सर इन खाने की चीज़ों में मिलावट की जाती है.ये मिलावटी चीज़ें लोगों की सेहत के लिए बेहद नुक़सानदेह हो सकते हैं. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफ़एसएसएआई) ने कुछ ऐसे आसान तरीके बताए हैं जिससे आप घर बैठे आसानी से मिलावट का पता लगा सकते हैं.

### दूध में पानी की मिलावट का पता कैसे लगाएं?

दूध की कुछ बूंदों को एक प्लेट पर रखें और उसे एक ओर थोड़ा झुकाएं.जिस दूध में मिलावट नहीं होगा वो दूध धीरे-धीरे बहता है और वो अपने पीछे एक सफ़ेद-सी लकीर छोड़ जाता है.अगर दूध में पानी की मिलावट है तो वो तेज़ी से बहता है और अपने पीछे कोई सफ़ेद-सी लकीर नहीं छोड़ता.

### दूध में डिटर्जेंट का पता कैसे लगाएं?

एक कप में 5 से 10 मिलीलीटर दूध लें और उतना ही पानी मिलाएं.फिर दोनों को अच्छे से मिलाएंअगर दूध में डिटर्जेंट मिला है, तो उसके ऊपर गाढ़ा झाग बन जाएगा.अगर दूध में पतली झाग बनती है तो आप ये मान सकते हैं कि दूध में कोई मिलावट नहीं हैं.खाद्य सुरक्षा विभाग हर साल दिवाली के समय कई टन नकली खोया जब्त करते हैं.खोया एक डेयरी उत्पाद है. इसे दूध को उबाल कर बनाया जाता है.ये सफेद या पीले रंग का होता है और इसका स्वाद हल्का मीठा होता है. इसका इस्तेमाल कई तरह के पारंपरिक मिठाइयों में किया जाता है.ज़्यादातर मामलों में खोया में मिलावट स्टार्च, वनस्पति घी, ब्लॉटिंग पेपर, चॉक पाउडर के माध्यम से की जाती है.

### जांचने का तरीका

एफ़एसएसएआई के अनुसार, एक चम्मच खोया लें और उसे गर्म पानी में मिलाएं. फिर उस कप में थोड़ा आयोडीन मिलाएं.

खोया का रंग अगर नीला हो जाता है तो माना जा सकता है कि उसमें स्टार्च की मिलावट है. नीला नहीं होने के मतलब वो शुद्ध है.

इसके अलावा इसमें फॉर्मेलिन जैसे रसायनों की मौजूदगी का पता लगाने के लिए सल्फ्यूरिक एसिड का इस्तेमाल किया जाता है.

### दूसरा तरीका-

एक छोटे से बर्तन में थोड़ा खोया लें फिर उसमें सल्फ्यूरिक एसिड मिलाएं. बैंगनी रंग आता है तो यह मिलवटी है.

खोया खरीदते समय भी इसका पता लगाया जा सकता है.एफ़एसएसएआई के मुताबिक़ ताज़ा खोया तैलीय और दानेदार होता है. ये स्वाद में थोड़ा मीठा और अगर इसे हाथ की हथेली पर रगड़ा जाए तो ये चिकनाहट छोड़ता है.इसे खरीदने से पहले इसकी थोड़ी सी मात्रा लें और इसे अपनी हथेली पर रगड़ें, अगर इसमें ये सभी गुण हैं माना जा सकता है कि यह शुद्ध है.

वनस्पति तेल की मौजूदगी का पता लगाने के लिए सैंपल में दो चम्मच हाइड्रोक्लोरिक एसिड और एक चम्मच चीनी मिलाएं.ऐसा करने पर अगर मिश्रण लाल रंग का हो जाता है तो वो खोया अशुद्ध है.

घी का इस्तेमाल लगभग सभी प्रकार की पारंपरिक मिठाइयां बनाने के लिए किया जाता है. त्योहार के समय घी की भी मांग बढ़ जाती है, ऐसे में बाज़ार में मिलावटी घी भी मिल सकता है.कई लोग फ़ायदे के लिए घी की गुणवत्ता से समझौता कर लेते हैं.घी या मक्खन में मिलावट के लिए आमतौर पर मसले हुए आलू, शकरकंद और अन्य स्टार्च जैसे पदार्थों का इसतेमाल किया जाता है.

### इस तरीके से घी में मिलावट का पता लगा सकते हैं-

एक कांच (पारदर्शी) के कटोरे में आधा चम्मच घी या मक्खन लेंउसमें 2-3 बूंद आयोडीन मिलाएं

अगर उसका रंग नीला हो जाता है इसका मतलब वो खाने के लायक नहीं है.

नीले रंग का बनना मसले हुए आलू, शकरकंद और अन्य स्टार्च की मौजूदगी की तरफ इशारा करता है.

मिठाइयों की मिठास के लिए इस्तेमाल होने वाली चीनी, गुड़ और शहद भी मिलावट से अछूते नहीं हैं.

शहद में चीनी के मिलावट का पता कैसे लगाएं?

एक पारदर्शी गिलास में पानी लें

उसमें शहद का एक बूंद मिलाएं

अगर शहद शुद्ध है तो वो पानी में नहीं घुलेगा

अगर शहद की वो बूंद पानी में घुल जाती है तो इसका मतलब है कि उसमें चीनी मौजूद है.

### दूसरा तरीका-

शहद में रुई की बत्ती को डुबोकर उसे माचिस से जला लें

शुद्ध शहद सड़ जायेगा.

अगर शहद में मिलावट है तो वो पानी की मौजूदगी के कारण नहीं जलेगा और अगर थोड़ा भी जला तो हल्की आवाज़ करेगा.

चीनी-गुड़ में चॉक पाउडर का पता कैसे लगाएं?

एक पारदर्शी गिलास में पानी लें.

10 ग्राम शहद को पानी में घोल लें.

चीनी-गुड़ में अगर चॉक पाउडर मिला है तो वह गिलास में बैठ जाएगा.

मिठाई के ऊपर चांदी वर्क इसलिए लगाया जाता है ताकि वो आकर्षक दिखे और बिके.

लेकिन चांदी की बढ़ती क़ीमत के कारण इसमें भी मिलावट शुरू हो गई है. इसमें मिलावट के लिए एल्युमीनियम मिलाया जाता है जो कि एक कैंसर पैदा करने वाला कारक है.

### मिलावट पता करने का तरी-

वर्क के एक टुकड़े को लें और अपनी दो उंगलियों के बीच रख कर रगड़ें. अगर चांदी शुद्ध हुई तो आसानी से टूटकर पाउडर बन जाएगी. लेकिन इसमें एल्युमीनियम की मिलावट है तो ये छोटे टुकड़ों में टूट जाएगी या इसकी गोलियां बन जाएगी.

इसके अलावा आप मिलावट वाली चांदी के वर्क को लेकर उसकी गोलियां बनाकर आग में जलाएंगे तो ऐसा करने पर चांदी जल जाएगा और एल्युमीनियम भूरे रंग की राख में बदल जाएगा.

असली केसर जल्दी नहीं टूटेगा, वहीं नकली आसानी से टूट जाएगा.

केसर की मात्रा को बढ़ाने के लिए उसमें रंग मिला दिया जाता है. इस मिश्रण का पता घर पर भी लगाया जा सकता है.

### मिलावट पता करने की विधि-

असली केसर जल्दी नहीं टूटेगा, वहीं नकली आसानी से टूट जाता है. इसका पता लगाने के लिए एक पारदर्शी गिलास में पानी लें और उसमें थोड़ा सा केसर डालें. केसर को मिलाने पर उसका नकली रंग आसानी से पानी में घुल जाएगा.

लेकिन अगर केसर असली है तो पानी में रखने के बाद भी उसका रंग तब तक रहेगा जब तक वो पूरी तरह से घुल न जाए.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 301 : श्री राम का रथ पहुंचा तमसा नदी के तट पर

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



सीता जी ने मुस्कुराते हुए कहा, ''इसकी आवश्यकता नहीं थी आर्य पुत्र! मैंने आपसे पहले ही कहा था न, कि रास्ते में जो कुश, कांटे आदि मिलेंगे उनका स्पर्श मेरे लिए रूई और मृगचर्म के समान सुखद होगा।अतः आप दोनों भ्राता मुझे लेकर चिंतित ना हुआ करें।''

''उचित है सीते! जैसा तुम कहो। और इस कुश के टुकड़े का क्या दोष? माता कौशल्या ने अभी एक प्रहर पूर्व हमें आशीर्वाद देते हुए कुश का ही प्रयोग किया था और इन वृक्षों, पर्वतों, जलाशय वन्य प्राणियों तथा वन में निवास करने वाले मनुष्यों से हमारी रक्षा का कार्य करने की कामना की थी।'' श्री राम ने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया।



रथ जितना धीमा चल रहा है, उससे भी धीमे आज सूर्य देव हैं। आज सूर्य देव के रथ की गति तमसा नदी के तट की ओर बढ़ते श्री राम के रथ की गति से धीमी है। स्वयं सूर्य देव यह चाहते हैं कि आज सूर्यास्त ना हो और श्री राम का रथ अयोध्या से अधिक दूर न जा पाए और अयोध्या के लोगों की मनुहार श्रीराम को वापस अयोध्या लौटने को विवश कर दे।

अंततः सांझ हो गई और अयोध्या से लगभग छह कोस दूर तमसा नदी(वर्तमान में प्रचलित नाम टोंस नदी) का तट (एक मान्यता के अनुसार वर्तमान गौरा घाट,गयासपुर गांव)आ गया। यहां तमसा नदी के किनारे एक विस्तृत स्थान दिखाई दिया। यहां न सिर्फ श्री राम का रथ ठहर सकता था, बल्कि अयोध्या से उनके साथ चल रहे लोग भी रात्रि विश्राम कर सकते थे।

श्री राम ने सीता जी से कहा, ''सीते! इस पवित्र तमसा नदी को देखो। यह पावन गंगा नदी के निकट होने की सूचना देती है। इस नदी के प्रवाह को मां गंगा स्वयं में समाहित कर लेती है। महर्षि वाल्मीकि का आश्रम भी इसी नदी के एक किनारे पर है।''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## [ईसर गौरा परब]

# सुरुहोती

गौरी - गउरा या ईसर (शंभु) गउरा। लोगन जइसन देखथे तइसन लिखथें अउ वइसने पढ़थें, समझथें। अब बारा आना मिलावट अउ चार आना निमगा रहिगेहे। बिस्कुटक (विज्ञापन) के जमाना फरत फूलत हे । लोगन पसंद घलोक करत हे आज शंभु (ईसर) गउरा परब गौरी -गौरा बनके रहिगे हे, जबकि गौरा -गौरी एकेच आय।

सुरुहोत्ती के तको मायने हे वो दिन ले काय-काय जिनिस के सुरुवात होथे समझेल परही। प्रायः गांव म एसटी, एससी, ओबीसी मन हर रहिथे जेन मन मूल संसकिरति के झंडा फहरईया माटी ले जूरे मनखे आय। माटी के काया, माटी म हे मिल जाना।'' सिरिष्टि के अंग - धरती, पानी, पवन, आगी, अकास संग जीव जंतु, पशु - पंछी जनावर ला जय जोहार करे के परब आय सुरुहोत्ती। फेर अब काहे घर मा नाग देव भिंभोरा पूजे ला जाए जइसन होगे हे।''

सुरुहोत्ती तिहार मा बिहाव संसकार अउ जिनगी के सुग्घर गायन हे। हमर गंवई गांव के देवी - देवतन ल लोक गीत के माध्यम ले जय जोहार करे जाथे। ये पुरातन संसकीरति ला छेत्र के गोंड जनजाति समुदाय म विशेष रूप ले देखे जा सकत हे। एमा घर परिवार माई-पिल्ला के जिनगी के समृद्धि के सुग्घर वरनन अउ बरनन हे। एक परकार के सामाजिक परिवेश बिहाव ''लोक गाथा'' के सामरिक अनुखा नजारा देखे ला मिलथे।



ईसर- गउरा ल माटी ले गढ़ के बनाय के नेग-दस्तुर हे, आजकल लोगन रेडिमेंट ला खरीद के तको ले आथे।

आवव ये परब के महिमा ला जाननद्द कार्तिक महीना के अमावस्या तिथि के सात - पांच दिन पहिली गौरा चौंरा मा फूल कुचरे के नियम हे जेला गांव के महिला बेटी माईमन करथें। सुरुहोत्ती के दिन सबले पहिली एक निश्चित ठीहा ले माटी लाय जाथें जेन बेरा महिलामन लोक गीत गाथें-

(1) ढेला ढेलवानी, मोर जऊंहर खेती, ढेला ला मारे कुदार....।

-ये चुलमाटी गीत आय'' गीत मा किसान ल समझाए गेहें कि किसानी कोनो सहज काम - बुता नोहे। माटी ल कोड़के उपजाऊ बनाय ला परथे तभे पईदावार बने हो सकत हे। माने खेती किसानी करना जऊंहर बुता आय।

(2) जोहार -2 मोर ठाकुर देवता, सेवर लागंव मय तोर....

हंसा चुगथे मूंगा मोती फूले वो चना के दार...।

-ये गीत मा ईसर -गउरा ला माध्यम बनाके सरधा - भकती भाव ले गांव के परमुख देवी - देवतामन ला जोहारत नेवता पठोय के भाव परगट करे गेहे। देवता के संगे - संग, गांव शहर ला जगाए के उदिम करे जवात है। इहां एक पंछी हँस जेकर खान - पान के वरनन मिलत हे। देवतन के संग चिरई -चिरगुन ला जोरे गेहे।

(3) एक पतरी रैनी -भैंनी राय रतन वो..।

गउरा देवी तोरे सीतल छाय, चऊंक, चंदन, पिरोढ़ी,....

- ये गीत मा हर शब्द के महत्ता परगट होय हे। इहाँ महिलामन के गौरा दाई के परती परेम देखव अउ गीत के अरथ समझव आत्मवंदित संसकारित गीत रैनी-भैंनी माई के सखी-सहेली हे जो रतन (नवरत्न)के समान हे ये बिहाव मा गौरा महारानी के समान हे, जेन चऊंकी, चंदन, पीढ़ा संग सनमानित हे। पतरी (गोल पात्र) जेन समाज के परमुख अंग आय। जइसे - रोटी, बेटी, गोंटी, लेटा बेटा, फेंटा। ये गीत म नारी सनमान के भाव जगे हे नारी समाज मा सबले बड़े धन के समान हे।

(4) ईसर राजा के रचे हों बिहाव,,, गौरा बिहाय चले जाए..।

-ये गीत के माध्यम ले झलकत हे कि बर - बिहाव के रचना होगे हे ,ईसर राजा सज -संवर के अपन गौरा रानी संग बिहाव करे बर जावत हे। संग मा संगी- साथीमन तको गगन - मंगन होके गमकत बरतिया बनके जावत हे।

(5) ओगरी - ओगरी नव से ओगरी..। जहां डरइया डारे...।।

ये गीत ह संदेश देवत भाव परगट करत हे कि गांव मा बरतिया ओरी - पारी करके आगेहे। हर गांव के अपन बेवसथा होथे बाहिर ले आय उपद्रवी, बेड़जत्ता मनला डारना। ये काम सियान मन करथे। जब ईसर -गउरा के आगु मा काँसा चघथे त पेरा डोरी ले सांटा मारे जाथे। हाथ- पाँव मा तेल बाती ले सुमतेला देय जाथे, आखिर म हुम - धूप देवाके शांत करे जाथें।

(6) लाले -2 परसा लाले हे खम्हार,,,। लाले हे ईसर राजा घोड़वा सवार...।।

ये गीत मा ईसर राजा के बिरता रूपी सिंगार के बखान करे गेहे। जइसे परसा, खम्हार के फूल लाल रइथे वइसने ईसर देव लाल वेशभूषा बनाले हे बईला ला छोड़के घोड़ा मा सवार होगे हे। संग मा भरे पुरे सम्पत्ति के बखान गीत के माध्यम ले होय हे।

(7) देतो दाई-2 दही अउ बासी,,,। अखरा खेलन बर जाहूँ वो दीदी...।।

- येहर मउर सोपनी के बेरा के गीत आय जेमा अपन सब्बो रिसतेदार मनला ओरिया - ओरिया के आसीरबाद मांगत हे। दही बासी गांव के लोकपिरिय भोजन आय जेकर ले सरीर पुष्ट होथे। अखरा (अखाड़ा) ताकत आजमाए के ठीहा। एक परकार के फौजी बनेके तइयारी गीत आय।

(8) एक पतरी चढ़ाएन गउरा बेलवा वो बेलवाती,
आमच आमा फूले गउरा
मांझाम वो चौंरासी
रोनिया के भोंनिया.......।।

- ये गीत मा परकिरती संग मानुष के सुग्घर मिलाप करे गेहे। गोल पतरी, तीन पाना वाला बेल के, आमा के डंगाली म जोत्था -जोत्था फूलना, सुख समृद्धि पाय के कामना करना। मांझा -सुभित्ता जगा। चौंरासी गढ़ म जनम धरना या 84 देवी- देवता के आसिरवाद पाना, चौरसिया होगेस रे...(एक कहावत) रोनियां- सीत मउसम ला इंगित करत हे। ये ढंग ले एमा भूत, भविष्य, वर्तमान लोक गायन म समाहित होगे हे।

(9) काकर करसा रिगबिग -सिगबिग...।
ईसर के करसा सिंहासन रे बाबू...। भाई वाले.... बिन भाई वाले.......।।

- करसा समृद्धि के परतिक आय, करसा बड़े होथे अउ कलश छोटे। एमा ईसर गउरा ला केंद्रीय करत भाई - बहिनी के परेम सुख- दुख के बात बताए गेहे। भाई वाले अउ बिना भाई वाले बहिनीमन कइसे करसा बोहथे। निराश बहिनी ल बार-बार ईसर-गउरा कोती ईसारा करत (बिस्वास)ढांढस बंधाए गेहे।

ये ढंग ले सुरुहोती मा लइका-सियान, बुढ़वा -जवान, माई -पिल्ला के सुख- दुख के गाथा समा गेहे।

अइसने ईसर- गउरा ले संबंधित 20-25 सो गाना मिल जाहि जेमा जिनगी के सार तत्व छुपे हे। निश्चित रूप ले सुरुहोत्ती मानवीय संवेदना, पराकिरतिक, ग्रामीण संसाकिरतिक के सुघरई के सुग्घर खजाना हे।



मदन मंडावी
ढारा, डोंगरगढ़ राजनांदगांव
मो - 7693917210 - 9630569618

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आर्थिक पक्ष को मजबूत बनाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं बनेगी। आज दिन भर घर की व्यवस्था और सुधार संबंधी कामों में व्यस्तता रहेगी। बच्चों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं का समाधान करने से उनमें खुशी और आत्मबल बढ़ेगा।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज आपकी मानसिक और आत्मिक सुख शांति बनी रहेगी। इच्छित कार्य समय पर पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज जीवन में सब कुछ होते हुए भी कुछ खालीपन सा महसूस होगा। अपने ऊपर नकारात्मकता ना हावी होने दें और स्वयं को व्यस्त रखें।

**मिथुन** — आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज परिवार में किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में खुशनुमा वातावरण रहेगा। डिनर और मनोरंजन से रिलेटेड कोई यादगार प्रोग्राम भी बन सकता है। आज थोड़ी-सी कोशिश से आप ऊंचे पद पर पहुंच सकते हैं। आज उन्हें किसी बड़ी संस्था में काम करने का अवसर मिल सकता है।

**कर्क** — आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही सॉल्व भी हो जायेगी। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा, ड्राई फ्रूट्स खाएं।

**सिंह** — आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जोकि आपके लिए लाभदायक साबित होगी। आज संतान की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आज आलस को अपने ऊपर हावी नहीं होने देंगे और अपने काम पर अधिक ध्यान देंगे।

**कन्या** — आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार की समस्या हल करने में आपकी विशेष भूमिका रहेगी। इससे आपकी छवि और व्यक्तित्व में और अधिक निखार आएगा। घर की जरूरत संबंधी आवश्यकताओं को लेकर मार्केटिंग में भी समय बीत सकता है। सहकर्मी के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श कर सकते है।

**तुला** — आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नये कार्यों को सीखने का करेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपने लिए कुछ ख़ास करने का प्लान बनायेंगे। शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लेंगें। आज आप अपने रहन-सहन में बदलाव करने की सोचेंगें जिससें आपको फायदा होगा। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनकी आज समाज में काफी प्रशंसा होगी।

**धनु** — कई दिनों से चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में परिवार के लोगों से मदद भी मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे।

**मकर** — आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। महिलाए आज घर के कामकाज निपटाने में सफल रहेंगी। आज जीवनसाथी को उनके मनपसंद उपहार दे सकते हैं ।

**कुंभ** — आज आपका मन, घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकलकर प्रकृति का आनंद लेने का करेगा। आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीज़ों के मोलभाव पर लाभ होगा। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।

**मीन** — आज का दिन फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है। आज अपना पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम इमानदारी से पूरा करने की कोशिश करें, आपको सफलता जरूर हासील होगी।

# आज धनतेरस, बाजार में खुलकर बरसेगा धन

- बाजार का हर सेक्टर रहेगा गुलजार
- व्यापारियों ने की जमकर तैयारी

**खरीदी पर बंपर आफर**

राजनांदगांव (दावा)। आज पंच दिवसात्मक पर्व दीपावली के प्रथम पर्व धनतेरस की धूम रहेगी। आज बाजार में खुलकर धन बरसेगा। बता दें कि कार्तिक मास के त्रयोदशी तिथि पर कीमती धातुएं सहित बर्तन कपड़े इलेक्ट्रॉनिक सामान व मोटर गाड़ी आदि सहित अन्य जरुरत की चीजें खरीदी की मान्यता है इसके चलते बाजार में इन चीजों की जमकर खरीदी की जाएगी। इससे बाजार का हर सेक्टर गुलजार बना रहेगा। व्यापारियों ने भी धनतेरस पर ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपनी दुकानों की खास साज-सज्जा की है। वहीं ग्राहकों को लुभाने के खरीदी पर बंपर आफर की योजना बनाई है। इससे ग्राहक उनकी दुकानों की ओर खींचे चले आ रहे हैं, और धनतेरस के शुभ मुहूर्त में खरीदी के लिए अपने मनपसंद की चीजों की एडवांस बुकिंग भी करवा रहे हैं।

बता दें कि धनतेरस पर्व के पहले सरकारी कर्मचारियों को बोनस सहित महंगाई भत्ते के साथ बढ़े हुए वेतन मिलने से उनके हाथ गर्म है। इसी तरह किसानों की अच्छी फसल होने से उनके चेहरे खिले हुए थे। त्योहारी खरीदी के लिए मंडी में धान बेचकर बाजार की ओर रुख कर रहे हैं। इधर महिलाओं के हाथों में महतारी वंदन की राशि आने से उनके भी चेहरे खिले हुए हैं। वे बाजार में आकर अपने मनपसंद की चीजें खरीदेंगी। इससे सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों में इनकी भीड़ देखी जा सकेगी।

बता दें कि धनतेरस पर्व का संबंध आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि से है। इसलिए इस दिन आरोग्य कर्म से जुड़े वैद्यराज आयुर्वेदिक डाक्टर आदि भगवान धन्वंतरि की पूजा करेंगे। आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि से सबकी निरोगमयता की प्रार्थना की जाएगी। सनातन धर्म की सोच के तहत सर्वे भवन्तु सुखिन सर्वे संतु निरामया की कामना की जाएगी और भगवान धन्वंतरि से सबके सुखी और निरोग मय रहने की कामना की जाएगी। बताते चलें कि देवता और दानव - दैत्यों के समुद्र मंथन के समय जो नौ- रत्न निकले थे उसमें से एक भगवान धन्वंतरि भी थे जिसने लोक कल्याण के लिए अपने हाथों में अमृत कलश लेकर समुद्र से प्रकट हुए थे। यही वजह है कि आरोग्य कार्य से जुड़े वैद्य जन व आयुर्वेदिक डाक्टर आज के दिन आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि का जन्म दिवस मानते हुए उसकी विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं और सबकी सुखमयता व निरोगमयता की कामना करते हैं।

आज धनतेरस को शहर का बाजार गुलजार बना रहेगा। बाजार में धनतेरस की खरीदी पर खूब धन बरसने वाला है। बता दें कि पुष्य नक्षत्र पर चार योग और मुहुर्त बने होने से बाजार में जमकर खरीदी हुई थी। इससे बाजार मे बूम रहा। पुष्य नक्षत्र पर सर्वार्थ सिद्धि योग भी बना था जो खरीदी के लिए उत्तम रहा। महंगाई व विश्वव्यापी मंदी के बाद भी दीपावली का बाजार में अब तक 25 हजार रुपए का कारोबार हुआ है। सोने- चांदी के अलावा इलेक्ट्रॉनिक सामानों सहित कपड़े-बर्तनों की खूब बिक्री हुई। टीवी एस शो रुम के संचालक संजय रिझवानी ने बताया कि पुष्य नक्षत्र की तरह धनतेरस में गाड़ियों की बुकिंग के साथ जमकर बिक्री होगी। चूंकि धनतेरस पर सभी चीजों की खरीदी शुभ मानी जाती है। इसलिए धनतेरस की खरीदी से बाजार में जमकर धन बरसने की उम्मीद की जा रही है। बता दें कि धनतेरस पर तांबे पीतल सहित स्टील की बर्तने खरीदने की मान्यता है इसलिए बर्तन दुकानों में आज ग्राहकों की भीड़ देखी जा सकेगी। जयस्तंभ चौक स्थित त्रिपदा फैशन शो के संचालक सुनील ठक्कर ने बताया कि वर्तमान में युवाओं में बढ़ जींस व टी-शर्ट की डिमांड ज्यादा है। महंगाई व मंदी के बावजूद कपड़े का अच्छा कारोबार हो रहा है। आज न धनतेरस पर भी कपड़ों का अच्छा व्यापार रहेगा। सर्राफा व्यवसायियों द्वारा भी इसी तरह सोने-चांदी की कीमती धातुएं व ज्वेलरी आइटम की भी जमकर खरीदी की उम्मीद की जा रही है। इसके लिए व्यवसायियों ने बंपर आफर दे रखे हैं। शहर के प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रतिष्ठान बरडिया ज्वेलर्स में 100 प्रतिशत स्वर्ण व डायमंड वापसी का आफर दिया है अपने 100 प्रतिशत बीआईएस हालमार्क वाले ज्वेलरी वाले शो रुम में चांदी के बर्तन व चांदी के शुद्ध सिक्के सहित सर्टिफाइड राशि रत्न व सर्टिफाइड डायमंड ज्वेलरी आयटम की गारंटी दी है। इससे ग्राहक बरडिया दुकान में खींचे चले आ रहे हैं। चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि आज धनतेरस और दीपावली में बाजार बूम रहेगा। इसके लिए सभी व्यापारी तैयार है।

# दीपावली पर्व के मद्देनजर भीड़भाड़ वाले जगहों में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया गया पैदल पेट्रोलिंग



**बेतरतीब खड़े वाहनों पर की गई चालानी कार्यवाही**

डोंगरगढ़(दावा)। आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर वरिष्ट अधिकारीयों के निर्देशानुसार स्थानीय पुलिस के जवानों द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, संदिग्ध व्यक्तियों एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में दिनांक 28.10.2024 को स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी मनोज मरकाम अनुविभागीय दण्डाधिकारी डोंगरगढ़, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा द्वारा डोंगरगढ़ क्षेत्रांतर्गत भीड़-भाड़ वाले ईलाकों में पैदल पेट्रोलिंग किया गया। आने जाने वाले मार्गो में बेतरतीब खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई एवं लोगो व दुकानदारों को सुरक्षा उपायो का पालन करने निर्देश दिया गया। बाजार आने जाने के मुख्य मार्गो पर भारी वाहनों को जाने से प्रतिबंधित किया गया है। जिससे लोगो को समान खरीददारी में कठनाईयों का सामना न करना पड़े।

## पहला कॉलम...

### आज अड़ाम में भव्य रिकाडिंग डांस प्रतियोगिता

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम अड़ाम(आसरा) में दीपावली उत्सव के रूप में आज 29 अक्टूबर को शिव, भोला, गौरी, गणेश व समस्त ग्रामवासियों के सौजन्य से भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष तिलकराम कंवर ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए समिति ने अपनी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है. प्रतिभागियों के लिए सदाबहार पुरस्कार के साथ-साथ आकर्षक इनामों की घोषणा की गई है, इसके अलावा विशेष प्रतिभा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लए बेस्ट डांस, वेशभूषा, अनुशासन व सामूहिक डांस, एकल डांस, युगल डांस के लिए पुरस्कृत किया जायेगा।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ

डोंगरगाँव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के नागरिकों का मतदाता सूची में नाम पंजीयन, विलोपन, स्थानातंरण एवं प्रविष्टि में किसी भी प्रकार के आवश्यक संशोधन हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 जारी कर दिया गया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार आज 29 अक्टूबर मंगलवार को प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जावेगा और इसी के साथ दावा/आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ हो जावेगी। सभी नागरिक 28 नवम्बर गुरुवार तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकेगें। इस दौरान 09 नवम्बर शनिवार, 10 नवम्बर रविवार एवं 16 नवम्बर शनिवार, 17 नवम्बर रविवार को समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का भी आयोजन किया जावेगा। इस विषय में मतदान केंद्र 234 कलडबरी के अभिहित अधिकारी विनय सिंह ने बताया कि उक्त मतदाता सूची में नाम जोडने, विलोपन करने व संशोधन करने का कार्य उक्त समयावधि में किया जायेगा। साथ ही सभी नवयुवक मतदाता जिनकी आयु 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण हो रहा, उन्हें मतदाता सूची में नाम जोड़ने कहा गया है।

### मिशन वात्सल्य योजना विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए अंतिम पात्र एवं वरीयता सूची जारी

राजनांदगांव (दावा)। मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कर अंतिम पात्र एवं वरीयता सूची तथा अंतिम अपात्र सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर ने बताया कि प्रकाशित सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट तथा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई संयुक्त कलेक्टोरेट राजनांदगांव के सूचना पटल पर की जा सकती है। उन्होंने बताया कि जिन पदों पर नियमानुसार लिखित एवं कौशल परीक्षा ली जाएगी, उन अभ्यर्थियों तथा मेरिट के आधार पर भर्ती किए जाने वाले पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को पृथक से सूचना प्रेषित की जाएगी।

### एक दिवसीय रात्रिकालीन भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता कल पालंदुर में

डोंगरगढ़(दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत पलांदुर में 30 अक्टूबर बुधवार को एकदिवसीय रात्रिकालीन भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजन किया गया है। समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में सामूहिक वर्ग युगल वर्ग व एकल वर्ग कुल तीन वर्गों में अलग-अलग प्रतियोगिताएं होंगी। जिसमें प्रथम से चतुर्थ तक नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। सामूहिक वर्ग में प्रथम पुरस्कार 10001 द्वितीय 5001 तृतीय 3001 वह चतुर्थ 1001 इसी प्रकार युगल वर्ग में प्रथम 5001 ड्यूटी 3001 तृतीय 1501 रुपए चतुर्थ 1001 तथा एकल वर्ग में प्रथम 3000 द्वितीय 2001 तृतीय ?1000 व चतुर्भुज 501 पुरस्कार दिया जाएगा सामूहिक वर्ग के लिए प्रवेश शुल्क 300 युगल के लिए 200 तथा एकल वर्ग के लिए 100 रखा गया है। आयोजक मंडल ने बताया कि इसी दिनांक में ग्राम मुड़िया मोहारा, हल्दी, सिरसाही, सेम्हरा व मेहरूम खुर्द में भी प्रतियोगिताएं आयोजित है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के डांस प्रेमियों से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

### मतदाताओं को प्रेरित करने स्वीप मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम अनुसार मतदान केन्द्रों में बीएलओ एवं विहित अधिकारी द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करने एवं आवश्यक संशोधन करने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने जिले के सभी कार्यालय और विभाग प्रमुखों को त्रुटि रहित मतदाता सूची का निर्माण एवं शत-प्रतिशत पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न विभागों के सहयोग एवं समन्वय से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा की गई सफाई के बाद दूसरे दिन महावीर तालाब के पास कचरे का ढेर



डोंगरगढ़(दावा)। जन जागरूकता के अभाव में शहर का ऐतिहासिक महावीर तालाब कचरे के ढेर में तब्दील होने के कगार में पहुंच गया है। एक दिन पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर डोंगरगढ़ द्वारा आगामी दीपावली पर्व गौरा गौरी पर्व एवं छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए नगर के हृदय स्थल में स्थित महावीर तालाब की सफाई की थी। जिसके दूसरे दिन महावीर तालाब के आसपास व्यवसाय करने वाले एवं निवासियों द्वारा दिवाली पर्व के दौरान निकलने वाले कूड़ा करकट को महावीर तालाब परिसर के पास फेंका गया।

जो कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को ठेंगा दिखाने जैसा है। महावीर तालाब की सफाई के नाम से शासन प्रशासन से प्राप्त लाखों रुपए की राशि का बंदरबाट करने वाले नेताओं को चिंता हो या ना हो लेकिन अनेक सामाजिक संस्थाएं आज भी ऐतिहासिक महत्व के महावीर तालाब की सफाई के लिए चिंतित दिखलाई पड़ती है। स्वच्छता अभियान के नाम से नेताओं और जनप्रतिनिधियों को सेल्फी लेते जरूर देखा गया। लेकिन उसके बाद किसी भी नेता व जनप्रतिनिधि की ओर से सफाई व्यवस्था को लेकर चिंतित होना आज तक प्रदर्शित भी नहीं हुआ। वहीं दूसरी नगर पालिका के पास सफाई व्यवस्था के नाम से इतना बड़ा अमला है कि प्रतिदिन महावीर तालाब की सफाई व्यवस्था दूरस्थ की जा सकती है।

**जनजागरूकता के अभाव में कूड़े के ढेर में तब्दील हो रहा है महावीर तालाब परिसर**

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पहल पर अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा की गई अभिनव पहल**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से की गई अभिनव पहल पर, पतंजलि योग समिति एवं विश्व जागृति मिशन के कार्यकर्ताओं ने सफाई व्यवस्था में भागीदार बनकर आम जनों के मध्य जन जागरूकता लाने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय अधिकारी प्रकाश यादव, खंड संघचालक जागेश्वर लाल निषाद, नगर संघ चालक विश्वनाथ यादव, नगर कार्यवाह जिज्ञासु टांक, सेवा प्रमुख मुकुंद मोहन साहू, व्यवस्था प्रमुख डॉ. प्रभंजन, हनी गुप्ता, शुभम परिहार, अमित वर्मा, गोपाल खेमुका, आयुष खेमुका, मोंटी भाटिया, हेमंत साहू, ऋषिकेश, हंसराज साहू, नारद सिन्हा, सतीश यादव, मुकेश काडे, जयंत साहू, ऋषभ, विशाल, जय कुमार जैन, संतोष टेमरे, मंथीर दास साहू, मोहन शर्मा एवं अन्य स्वयंसेवकों द्वारा सेवा कार्य किया गया।

# नुक्कड़ नाटक से नशे के दुष्प्रभाव को समझाया



राजनांदगांव (दावा)। दुर्ग जिले में संकल्प एक प्रयास संस्था के तहत गरिमा टीम के द्वारा एक अनूठी पहल की गई है संस्था द्वारा पांच दिवसीय नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया गया राजनंदगांव ब्लॉक के सुरगी गांव में सुबह 11:00 बजे एवं राजनांदगांव ब्लॉक के ग्राम धीरे में दोपहर 3:00 बजे नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समुदाय में मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव और इससे होने वाले नुकसान और होने वाली बीमारियों को विस्तार पूर्वक प्रस्तुत किया गया ग्रामीणों ने नुक्कड़ नाटक को सराहनीय प्रयास बताया और प्रशंसा की। नशे के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने का संकल्प लिया नुक्कड़ नाटक के आयोजन में मार्गदर्शन परियोजना समन्वयक रुखसाना खान और जिला समन्वयक खुशबू साव, विभा साहू के सहयोग से लोकेश्वरी, गीतांजलि रागिनी, डिंपल, जीतेश्वरी, भारती पटेल, कुसुम, सुषमा, तुलेश्वरी, शीशम, राधिका एवं साथियों ने इस नुक्कड़ नाटक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके तहत् बच्चों और किशोरों किशोरियों के लिए आगामी कार्यशाला का आयोजन की जानकारी से समुदाय को अवगत कराया।

# सर्वस्पर्शी सदस्यता अभियान प्रारंभ



**पांडे बने सक्रिय सदस्य**

डोंगरगाँव (दावा)। भाजपा द्वारा संगठन पर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के आह्वान पर पूरे देश में जोर शोर से चलाया जा रहा है, जो अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। पार्टी के ज्येष्ठ व श्रेष्ठ तथा ज़मीनी कर्मठ कार्यकर्ताओं ने निरंतर पूरी ताक़त के साथ संगठन पर्व में सदस्यता अभियान चलाकर इसे सफ़ल बनाने व उसे अंतिम रूप देने पुर जोर कोशिश प्रारंभ कर दी है। विगत दिनों प्रदेश संगठन द्वारा सदस्यता अभियान को तीव्र गति प्रदान करते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी जिलों व मंडलों में सदस्यता अभियान में प्राथमिक सदस्य बनाने वा सक्रिय सदस्य बनाए जाने हेतु सदस्यता अभियान संयोजकों की नियुक्तियां की गई। डोंगरगांव मंडल में वरिष्ठ भाजपा नेता गुलशन हिरवानी को सक्रिय सदस्यता अभियान संयोजक व अजय वैष्णव को सहसंयोजक बनाया गया है। प्रदेश संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को भली भांति निभाने संयोजक, सहसंयोजक द्वारा डोंगरगांव नगर और मंडल के सभी जिम्मेदार व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिन्होंने इस सदस्यता अभियान में निर्धारित लक्ष्य 50 व 100 प्राथमिक सदस्य तथा अपने बूथों में 200 सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा कर लिया है, उन्हें सक्रिय सदस्यता दिलाया गया। साथ ही सदस्यता अभियान को अंतिम रूप देने व लक्ष्यों को पूर्ण करने सर्वस्पर्शी सदस्यता अभियान 27 व 28 अक्टूबर को वृहद पैमाने पर शक्ति केंद्रों से लेकर मतदान केन्द्रों तक व सार्वजनिक स्थानों पर चलाया गया। इसी तारतम्य में नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता व संयोजक, विधि प्रकोष्ठ, मंडल डोंगरगांव सतीश पाण्डेय को जिन्होंने प्राथमिक सदस्य बनाने के निर्धारित अपने लक्ष्य को पूर्ण कर लिया है, उनकी सदस्यता का नवीनीकरण करते हुए सक्रिय सदस्य बनाया गया। इस दौरान सक्रिय सदस्यता अभियान संयोजक गुलशन हिरवानी, मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, महामंत्री संतोष यादव, शक्ति केंद्र संयोजक योगेश पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवेश ठाकुर, कोमल साहू, राकेश देवांगन, प्रफुल्ल जैन उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में हेमनाथ साहू को दो सिल्वर मेडल




राजनांदगांव (दावा)। 27वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक रायपुर में आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में वन विकास निगम पानाबरस परियोजना मंडल में पदस्थ निज सहायक हेमनाथ साहू ने भी 10000 मी. 1500 मी. एवं 800 मी. सिनियर वेटरन्स ग्रुप पैदल चाल प्रतियोगिता में भाग लिया और छत्तीसगढ़ को दो सिल्वर मेडल दिलवाया। हेमनाथ साहू के इस जीत पर विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों सहित परिवारजनों, ईष्ट मित्रों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की है। 61 वर्षीय हेमनाथ साहू छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों में समय समय पर आयोजित मैराथन दौड़ में भाग लेकर विशेष स्थान प्राप्त करते रहते हैं। श्री साहू शासकीय सेवा के साथ ही अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के माध्यम से अपनी सेवाएं देते हैं।

श्री साहू ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के 29 राज्यों, 8 केन्द्र शासित प्रदेशों, 6 वानिकी संस्थान और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के 2920 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी खिलाड़ियों ने भाग लिए। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 97 गोल्ड, 44 सिल्वर, 33 ब्रांज मेडल के साथ कुल 731 प्वाइंट्स लेकर रिकार्ड जीत हासिल की और छत्तीसगढ़ लगातार 12वें बार प्रथम स्थान के साथ ऑल ओवर चैम्पियन रहा। प्रतियोगिता में केरल ने 38 गोल्ड, 37 सिल्वर, 27 ब्रांज कुल अंक 389 के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरा स्थान मध्यप्रदेश ने 38 गोल्ड, 27 सिल्वर और 26 ब्रांज मेडल के साथ कुल अंक 363 अर्जित किए। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन वर्ष 1992 से हो रहा है और यह छत्तीसगढ़ में तीसरी बार सम्पन्न हुआ। यह प्रतियोगिता वनों के संरक्षण पर आधारित है और इसमें वनरक्षक से लेकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

# प्रज्ञागिरी में वर्षावास का समापन एवं 68वां धम्मचक्र अनुप्रवर्तन दिवस मनाया गया



डोंगरगढ़(दावा)। प्रज्ञागिरी के निर्माता धम्मदूत जगत विख्यात पुज्य भदंत संघरत्न मानके जी की अध्यक्षता में वर्षावास समापन एवं 68 वे धम्म चक्र अनुप्रवर्तन दिवस के उपलक्ष्य पर पंय्या मेत्ता संघ द्वारा प्रज्ञागिरी पर्वत पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वर्षावाष बौद्ध संस्कृति यह पर्व का विशेष महत्व है भिक्खु संघ (एक स्थान पर) वर्षाकाल में विहार करते हैं और बौद्ध जन /नागरिक, भिक्खु संघ की सेवा करते हैं व भिक्खु संघ भगवान बुद्ध का उपदेश देते है साथ ही श्रेष्ठ जीवन आचरण संस्कार का संकल्प ग्रहण करते हैं। यह बुद्धिस्ट पर्व भगवान बुद्ध काल से ही मनाया जाता हैं! चार माह का वर्षावास का आज समापन दिन मनाया गया! आषाढ़ पोर्णिमा से अश्विन पोर्णिमा तक यह भव्य उत्सव मनाया जाता हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रज्ञागिरी पर तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष त्रिशरण पंचशील कर ध्यान साधना, वंदना की गई। तत्पश्चात पुज्य भदंत संघरत्न मानके, जापान से आए अतिथि सतोशी मितानी, भदंत धम्मशिखर, भदंत धम्मतप का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

डॉ. मनोज गजभीये, कन्हैया लाल खोब्रागड़े, अमिताभ दुपारे, अनिल लांड्गे, पत्रकार संतोष, अनिल लांडगे द्वारा वर्षावास, धम्मचक्र अनुवर्तन एवं संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला गया एवं उदबोधन दिया गया। पुज्य भदंत संघरत्न मानके द्वारा वर्षावास पर भिक्खुओं द्वारा पालन करने वाले नियमों को बताया गया, की भिक्खु इन चार महीनों में अष्टशील पालन, उपोसथ पालन कर धम्मानुसार आचरण करते है और बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय हेतु कार्य करते है, जिससे लोगों का मंगल हो कल्याण हो द्य कार्यक्रम का संचालन आयुसमति ज्योति मेश्राम द्वारा किया गया, कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण की पदाधिकारी राधिका जघेंल, पल्लवी मेश्राम, वेणुगोपाल , हीरालाल मोर्य, पुरुषोत्तम रामटेके, जितेन्द्र कठाने ,हीरालाल टेंभूरकर , रजत गजभिए, प्रदीप गजभिए,दुर्गा प्रसाद ,अनुपमा लांडगें ,एवं बड़ी संख्या में पंय्या मेत्ता संघ कार्यकर्ता, धम्म उपासक उपासिकाये एवं बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विज्ञान देव महाराज के जन्मोत्सव पर विहंगम योगगुरु भाईयों द्वारा रक्त दान किया गया



**आदर्श गौशाला सेंदरी में रक्तदान शिविर का आयोजन**

डोंगरगढ़(दावा)। विहंगम योग गुरु भाईयों द्वारा संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के जन्मोत्सव पर सदगुरु सदाफल आदर्श गौशाला सेंदरी में रक्त दान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 30 यूनिट रक्त दान किया गया। आयोजित रक्त दान शिविर में जिले के बड़ी संख्या में गुरु भाईयो द्वारा शामिल हुए और प्रतिवर्ष 28 अक्टूबर को संत प्रवर के जन्म दिन पर विश्वव्यापी रक्त दान शिविर आयोजित किया जाता है

विहंगम योग संस्था द्वारा कई रचनात्मक कार्य किया जाता वृक्षारोपण किया जाता है। गौशाला में गौ माता की सेवा की जाती है गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम में मोरध्वज साहू, महेंद्र साहू, गोवर्धन कुंजाम, कुलंजन साहू, चुमेश्वर चंद्रवंशी, संतोष सपहा संतराम साहू, सोमन साहू संतोष साहू धनेश साहू संतराम साहू मयंक साहू लल्लू साहू सुरेश साहू प्रीतम साहू चिंता देवांगन नूतन देवांगन भागवत साहू बिरेंद्र साहू गंगा राम साहू जिला हॉस्पिटल से डा की टीम सोनी जी अपनी सेवाएं दिए, बड़ी संख्या में गुरु भाई शामिल थे।




# अंशदीप होंडा दीपावली पर लाया खुशियां की सौगात



**धनतेरस दीपावली पर बंपर उपहार, हर गाड़ी खरीदी पर स्क्रैच करो एवं एश करो का आफर**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के जी ई रोड पाटीदार भवन के पास स्थित अंशदीप होंडा में धनतेरस व दीपावली पर्व पर उनके यहां खरीदी करने वालों के लिए खुशियों की सौगात लाया है। अंशदीप होंडा में हर गाड़ी की खरीदी पर स्क्रैच करो एवं करो का आफर लोगों को खास लुभा रहा है. लोग यहां अपनी मन पसन्द गाड़ियां खरीदने व स्क्रेच करके इनाम पाने दौड़े चले आ रहे हैं। इससे अंशदीप होंडा में गाड़ी खरीदने वालों की भीड़ नजर आ रही है। अंशदीप होंडा के संचालक सुरेन्द्र सिंह बग्गा ने बताया कि धनतेरस और दीपावली पर्व पर बंपर आफर के चलते अब तक उनके यहां 300 गाड़ियों की बुकिंग हो चुकी है।

### गाड़ी खरीदी में आफरों की बहार

उन्होंने बताया कि उनके अंशदीप होंडा प्रतिष्ठान में ग्राहक द्वारा साईन - 100 की खरीदी करने पर एक कम्प्यूटर फ्री दिया जा रहा है। वही 2000 रुपए की छूट तथा एक हेलमेट फ्री दिया जा रहा है। इसके लिए ग्राहक को सिर्फ अपना आधार कार्ड लाना होगा और उसे अपने मनपसंद गाड़ी ले जाने की सुविधा होगी। श्री बग्गा ने बताया कि गाड़ी खरीदी करने वाले पर स्क्रैच विजेताओं को फ्रिज, माइक्रोवेव, बाउल सेट मिक्सचर ग्रैंडर, जग, आयरन, वाशिंग मशीन, 32 इंच की एलडी टीवी, मोबाइल, ब्लू टूथ सेट व कुलर इनाम में दिया जाएगा। उन्होंने आज धनतेरस पर ग्राहकों को जल्दी आओ और अंशदीप होंडा के बंपर इनाम व गाड़ियों में छूट का लाभ पांवों आफर का लाभ उठाने की अपील की है।







## धनतेरस ऑफर- कम्प्यूटर मात्र 9900 में

राजनांदगांव (दावा)। मानव मंदिर चौक स्थित लैपटॉप कम्प्यूटर शो रुम एन.एन. कम्प्यूटर शॉप में लैपटॉप, कम्प्यूटर की खरीदी पर आज से धनतेरस ऑफर दिया जा रहा है। कम्प्यूटर की प्रारम्भिक कीमत मात्र 9900 रूपये है लैपटॉप की सभी विश्वस्तरीय कंपनी एचपी, डेल, लेनोवो, आसुस हाजिर स्टॉक में उपलब्ध है, साथ ही एचपी, कैनन, ब्रदर, ईस्पॉन कंपनी के कलर और लेसर प्रिंटर उचित कीमत में उपलब्ध है। ऑफर की जानकारी हेतु मानव मंदिर चौक, अन्नपूर्णा रेस्टारेंट के सामने स्थित एन.एन. लैपटॉप कम्प्यूटर शो रूम में संपर्क नं. 9200053819 पर संपर्क करें।

## रेंगाकठेरा बरवत 30 अक्टूबर रिकॉर्डिंग डांस

राजनांदगांव (दावा)। आदर्श युवा मंडल द्वारा प्रथम वर्ष एक दिवसीय रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजन किया गया हैं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हर्षित बघेल रहेंगे जिसमें प्रथम 5000 द्वितीय 4000 तृतीया 3000 इस तारीख सेम्हार, बासूला, चावेली, महारूमखुर्द, चारभाटा, सिरसाही, कलेवा, प्रकाशपूर में रखा गया कला प्रेमियों को अधिक से अधिक सख्या में उपस्थित होने की अपील की हैं यहाँ जानकारी समिति के अध्यक्ष बंटी महिलांगे ने दिया हैं।









# राज्य स्तरीय योगासन स्पर्धा में राजनांदगांव ओवर ऑल चैम्पियन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ छत्तीसगढ़ और योग लंगर भिलाई के संयुक्त तत्वाधान में, आचार्य प्रेम निरंजन शर्मा जी की स्मृति मे दिनाँक 26 से 27 अक्टूबर को भिलाई मे आयोजित दो दिवसीय चतुर्थ राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, बालक / बालिका योगासन खेल प्रतियोगिता मे संस्कारधानी नगरी राजनांदगाँव के प्रतिभावान खिलाडियों नें एक बार फिर से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए, अपना वर्चस्व कायम रखते हुए, दर्जनों स्वर्ण, रजत और काँस्य पदक पर कब्जा जमा कर एक नया कीर्तिमान बनाया। हॉकी और बास्केटबॉल के बाद अब राजनांदगांव का नाम योगासन खेल के क्षेत्र में भी शुमार होने लगा है।

पिछले 2 वर्षो में यहाँ के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की योगासन खेल प्रतियोगिता में अपना परचम लहराकर सफलता का एक नया अध्याय लिखना शुरू कर दिया है। जब से इसकी बागडोर शहर के ख्यातिनाम योगाचार्य किशोर माहेश्वरी ने अपने हाथों में ली है तब से संस्कारधानी नगरी योग के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करता जा रहा है,



प्रत्येक वर्ग में रहा राजनांदगांव जिले का दबदबा.
गत वर्ष की उपलब्धियों को पीछे छोड़ते हुए, रचा नया इतिहास.
राजनांदगांव की झोली में कई स्वर्ण, रजत और काँस्य पदक.

और नित नये आयाम गढ़ता जा रहा है। इसी का परिणाम है है कि, चार वर्ष के बच्चों से लेकर साठ साल के बुजुर्ग भी उनके पास योग के गुर और बारिकियां सीखने के लिए आते हैं। उक्त राज्य स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा की बात करें तो, बीते वर्ष भी राजनांदगाँव के खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से मजबूती से कदम बढ़ाया था और इस बार तो ओवर ऑल चैंपियन बनकर इतिहास ही रच दिया। सीनियर आर्टिस्टिक ग्रुप महिला वर्ग में सौम्या, रीना, यतीक्षा, भूमिका और रागिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पर अपना कब्जा जमाया। वहीं दुसरे स्थान पर पूजा, मोनिका एवं साथियों ने दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। इसी इवेंट के पुरुष वर्ग में नीरज, प्रवीण, खेमचंद, ईशु और प्रेम ने भी प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

रिदमिक पेयर इवेंट में यतिशा और भूमिका ने अपनी दमदार प्रस्तुति से एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया। इसी क्रम में सौम्या और रीना ने भी दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। इसी श्रेणी में चंचल और साथी ने तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए काँस्य पदक अपने नाम किया। आर्टिस्टिक पेयर में सौम्या और रीना दुसरे स्थान पर और यतीक्षा और रागिनी तीसरे स्थान पर रही। वहीं स्थानीय गायत्री विद्यापीठ सीबीएसई और सीजी सेक्शन के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम कर, राजनांदगाँव को ओवर ऑल चैम्पयन बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उक्त अवसर पर दिव्य ज्योति योग केंद्र के योगाचार्य किशोर माहेश्वरी, गायत्री विधापीठ सीबीएसई सेक्शन की योग शिक्षक श्रीमती भारती साहू, सीजी सेक्शन के योग शिक्षक चितरंजन साहू, वरिष्ठ खिलाड़ी एवं कोच अतुल लहरे, गुंजन सिन्हा, जयश्री साहू, पुनेश्वर पटेल आदि पूरी टीम के साथ मौजूद थे।

# नव पदस्थ कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने संभाला पदभार

मोहला (दावा)। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के नव पदस्थ कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज सोमवार को पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति 2016 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी है। इससे पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक के रूप में पदस्थ रही है। साथ ही श्रीमती प्रजापति पशुपालन विभाग की उप सचिव एवं बेमेतरा, बलरामपुर, कोरिया, जिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत का दायित्व संभाल चुकी है।



विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ काम करने दिए निर्देश

पदभार ग्रहण करने के बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर विभाग की कार्यो की जानकारी ली। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे एक टीम के रूप में मिलकर उत्कृष्टता और गुणवत्ता के साथ कार्य करें। जिससे जिले को विकास की मुख्य धारा से जोड़कर उच्च स्तर पर स्थापित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर जिला कार्यालय की विभिन्न शाखाओं और विभागों के कक्ष में पहुंचकर अवलोकन किया तथा कर्मचारियों से परिचय एवं कार्यो की जानकारी ली। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, जिला परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला डॉ.हेमेंद्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# आदिवासी समाज की अतीत एवं सांस्कृतिक विरासत अत्यंत वैभवशाली- चन्द्रेश ठाकुर

बालोद (दावा)। 28 अक्टूबर 2024 गोण्डवाना समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष एवं जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि आदिवासी समाज की अतीत एवं सांस्कृतिक विरासत अत्यंत वैभवशाली है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू ने अपनी पुस्तक 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' में कहा कि आदिवासियों की संस्कृति विश्व की समस्त संस्कृतियों की जननी है। श्री ठाकुर शनिवार 26 अक्टूबर को मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत एवं उनके ऐसिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यशवंत कुमार साव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हल्बा समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईपीएस आरएस नायक एवं सहवक्ता के रूप में वनवासी समाज के सचिव कृष्णा साहू उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि नई पीढ़ी को जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत एवं उनके सांस्कृतिक विरासत तथा राष्ट्र व समाज के निर्माण में उनके आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक योगदानों एवं विशेषताओं की जानकारी देने हेतु





अरमरीकला में 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत' विषय पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

शिक्षण संस्थानों में इस विषय पर कार्यक्रम आयोजित की जा रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि राष्ट्र व समाज के ऊपर जब भी विपत्ति आई है आदिवासी समाज के लोगों ने उस विषम परिस्थितियों में देशवासियों के साथ मिलकर उन चुनौतियों का डटकर मुकाबला किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम के इतिहास का यदि गंभीरता से छीद्रान्वेषण किया जाए तो देश में फिरंगियों के विरूद्ध स्वाधीनता संग्राम की बिगुल आदिवासियों ने ही फूंका। उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति के पूर्व झारखंड में तिलका मांझी एवं छत्तीसगढ़ में परलकोट के जमींदार शहीद गैंदसिंह नायक जैसे अमर शहीदों ने अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का शंखनाद शुरू कर दिया था। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यशवंत कुमार साव ने भी जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास एवं राष्ट्र व समाज के लिए उनके सांस्कृतिक आध्यात्मिक योगदानों पर भी विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री आरएस नायक ने स्वाधीनता संग्राम में समाज के नायकों के योगदान के संबंध में विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके योगदानों को अद्वितीय एवं अप्रीतिम बताया। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। समारोह के सहवक्ता वनवासी समाज के सचिव कृष्णा साहू ने जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत, सांस्कृतिक विरासत, स्वाधीनता आंदोलन में उनका योगदान, उनके स्वभावगत विशेषता, राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण योगदानों के संबंध में बहुत ही रोचक एवं प्रेरणास्पद जानकारी दी। इस अवसर पर जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत विषय पर आधारित रंगोली एवं निबंध आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक प्रमोद कुमार भारती एवं आभार प्रदर्शन डॉ. रामेश्वर प्रसाद ठाकुर ने किया।

# महतारी सदन ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे - देवकुमारी साहू

राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्रीय विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयासरत है तथा अनेक विकास कार्यों के लिए बड़ी राशि स्वीकृति प्रदान करवा रहे है।



सोमनी, मोखला, भानपुरी, सुकुलदेहन व देवादा का हुआ चयन

इसी कड़ी में उनकी अनुशंसा से गत दिवस राजनांदगांव जिले के पांच ग्रामों में महतारी सदन निर्माण हेतु 1 करोड़ 23 लाख 50 हजार रुपए की मंजूरी प्राप्त हुई है। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की महामंत्री देवकुमारी साहू ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि महतारी सदन के लिए जिन पंचायतों का चयन हुआ है उनमें सोमनी, मोखला, भानपुरी, सुकुलदैहन एवं देवादा शामिल है।

श्रीमती साहू ने उक्त स्वीकृति के लिए डा . रमन सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह महतारी सदन ग्रामीण विकास और महिलाओं के शसक्तीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

श्रीमती साहू ने आगे बताया कि प्रत्येक महतारी सदन के लिए 24 लाख 70 हजार रुपए आबंटित किया गया है। इस सदन से ग्राम स्तर पर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती प्राप्त होगी। सभी महतारी सदन का निर्माण ग्राम के लगभग 2500 वर्गफुट भूमि में कराया जाएगा। जिसमें कमरा, हाल, बरामदा, किचन, स्टोररूम एवं शौचालय की सुविधा होगी। पानी की समुचित व्यवस्था की जाएगी। जिससे महिलाओं एवं बच्चों के विकास व स्वास्थ्य सेवा में उन्नति होगी।

# शराब के कारोबार के लिए गौरव ग्राम को कलंकित कर रही सरकार - कांग्रेस



**घुमका (दावा)। गौरव ग्राम घुमका के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं चिंताराम जी द्विवेदी के परिजन एवं छ.ग. प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर प्रमाणित आरोप लगाते हुए कहा कि शराब के अवैध कारोबारों संरक्षण देने के लिए भाजपा सरकार अब राजधर्म भी भूल गई है।**

पूर्व छ.ग. सरकार द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के निवास ग्राम को गौरव ग्राम घोषित कर गौरव ग्रामों से शराब दुकान हटाने का निर्णय लिया था। अब उन्हीं गौरव ग्राम में शराब दुकान खोलने का खेल खेलकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान पर भाजपा सरकार आमादा है सबसे दुर्भाग्य जनक बात यह है कि इस खेल में ना तो किसी की मांग है और ना ही किसी ने इस प्रकार का आवेदन दिया है लेकिन राजनांदगांव आबकारी विभाग के अधिकारी के द्वारा ग्राम पंचायत घुमका को पत्र लिखकर सकारात्मक प्रतिक्रिया जनता के बीच में होने की बात कह कर यह साबित

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अपमान पत्राचार पर कार्यवाही करे- रूपेश दुबे

कर दिया है कि छत्तीसगढ़ में अब कृषि नहीं शराब ही मुख्य व्यवसाय हो गया है।

राजनांदगांव के सहायक आयुक्त आबकारी के काले कारनामे को सरकार सहित जनता जानती है और ऐसे अधिकारी को राजनांदगांव में पदस्थ कर डॉ रमन सिंह के निर्वाचन जिले को बदनाम करने की प्रमाण भी बताया है क्योंकि राजनांदगांव डॉ.रमन सिंह के विधानसभा के जिला मुख्यालय में अवैध निर्माण में शराब दुकान खोलकर सरकार ने यह मनसा साफ कर दिया था कि डॉ रमन सिंह से बड़ा शराब का कारोबार है।

शराब दुकान के लिए विशेष ग्राम सभा की बैठक बुलाने एक आबकारी उप निरीक्षक का आदेशात्मक पत्र प्रशासनिक आतंकवाद का जीता जागता उदाहरण है। और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान भी है जिसके लिए पत्र लिखने वाली अधिकारी पर कार्यवाही होनी चाहिए क्योंकि चिखली शराब दुकान मामले में बड़े अधिकारियों को फंसाने के बाद अब निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को फसाने का भी खेल अब चालू हो गया है क्योंकि आने वाले समय में स्थानीय चुनाव होने है ऐसी स्थिति में कानून व्यवस्था को बदहाल करने का भी यह खेल है।

# संस्कार सिटी में वाद विवाद प्रतियोगिता का शानदार आयोजन

**राजनांदगांव (दावा)। नित नए आयाम सृजित कर रही संस्था संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में एक अत्यंत सफल इंटर-स्कूल अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 15 स्कूल और 30 प्रतियोगियों ने भाग लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य था विद्यालयीन अभिमुखता को बढ़ावा देना और छात्रों को उनके भाषाई और विचारात्मक कौशलों का प्रदर्शन करने का मौका देना।**



कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी सहित अंग्रेजी विभाग के सदस्यों ने किया। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्या ने कहा कि अपनी अंग्रेजी भाषा को अपनाकर ही हम उन्नति कर सकते हैं। आज सभी क्षेत्रों में अंग्रेजी भाषा के माध्यम से ही कार्य हो रहे हैं। यह प्रतियोगिता कक्षा प्प् से ग्प्प् तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। जिसका विषयः क्या राष्ट्रवाद को धर्म से अधिक प्राथमिकता दी जाए? प्रतियोगिता के पक्ष को समर्थन करते हुए प्रथम स्थान पर निरंजना प्रमोद (दिल्ली पब्लिक स्कूल, रिसाली, भिलाई), द्वितीय स्थान पर दिशा मिश्रा (संस्कार सिटी इंटरनेशल स्कूल, राजनांदगाँव) एवं विपक्ष को समर्थन करते हुए प्रथम स्थान पर सिमरन कौर भोगल (दिल्ली पब्लिक स्कूल, रिसाली, भिलाई), द्वितीय स्थान पर मेहर सलूजा (नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री, राजनांदगाँव) पर रहे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति चंद्राकर (एम.जी.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिलाई) को दिया गया। शाला प्रबंधन इन सभी विजेताओं का हार्दिक अभिनंदन और सराहना करता है कि उन्होंने अपने दर्शकों के समक्ष अपनी विचारशीलता और वक्तव्य कौशल का प्रदर्शन किया और अपने स्कूल का एवं अपना नाम गर्व से बुलंद किया।

गरिमामय निर्णायकों में डॉ. सिन्धु नायर एवं डॉ. जमीर फैजी ने अंग्रेजी की गरिमा बढ़ाने हेतु बच्चों को प्रेरित किया तथा उन्हें अपने विचारों द्वारा भविष्य में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। संस्था के प्रबंधकगण ललित अग्रवाल (अध्यक्ष), अतुल देशलहरा (सचिव) ने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। निर्णायकों को संस्था प्राचार्य द्वारा स्मृति चिन्ह भेट किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के प्रशासक श्री विकास जोशी का विशेष योगदान रहा।

# धान की खरीदी 3217 रुपये में हो, किसानों का हक सुनिश्चित करें सरकार- विष्णु लोधी

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ जिसे धान का कटोरा कहा जाता है, एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां धान की खेती और धान खरीदी हमेशा से एक महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है। अब एक बार फिर से इसको लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। किसानों के मुद्दे पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने अपनी आवाज बुलंद की है।



धान छत्तीसगढ़ के किसानों की रीढ़ है और उनकी मेहनत का सही मूल्य मिलना चाहिए

विष्णु लोधी ने कहा छत्तीसगढ़ में वर्तमान में धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल है, जिसे पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान बीजेपी सरकार ने लागू किया था। उस समय केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 2203 रुपये तय किया था, लेकिन राज्य की तत्कालीन बीजेपी सरकार ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदा था, जिससे छत्तीसगढ़ के किसानों को 897 रुपये अतिरिक्त लाभ मिला था। इस वर्ष केंद्र सरकार ने धान के समर्थन मूल्य में 117 रुपये की वृद्धि की है, जिससे वर्तमान मूल्य 2320 रुपये हो गया है। इसी को देखते हुए विष्णु लोधी का मानना है कि राज्य सरकार को भी इस बढ़ोतरी को शामिल करते हुए धान का नया समर्थन मूल्य 3217 रुपये प्रति क्विंटल तय करना चाहिए। ताकि किसानों को अधिक लाभ मिल सके और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो। विष्णु लोधी ने कहा धान छत्तीसगढ़ के किसानों की रीढ़ है, और उनकी मेहनत का सही मूल्य मिलना चाहिए। सरकार को किसानों के हक का सम्मान करते हुए 3217 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी करनी चाहिए। यह कदम किसानों की आर्थिक सुरक्षा और खुशहाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। धान की खरीदी में देरी से किसानों की बढ़ी समस्याएं। राज्य में धान खरीदी की तिथि को 1 नवंबर से बढ़ाकर 14 नवंबर करने से किसान चिंतित हैं, क्योंकि वे त्योहारों के समय आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

## सामयिक चर्चा

### तन हो सुन्दर, मन हो सुन्दर

दीवाली में नयी डायरी
खरीद कर
बानी ने कहा - ''गजाधर!
इसमें आप,
आज अपने हाथों से
ऐसा शुभ संदेश लिखे,
जिसे हम सदा याद रखें,
और जो हमारे दिल-दिमाग
से भी कभी,
नहीं खोना चाहिए।''
गजाधर ने
मुस्कराते हुए लिखा -
''केवल दिखने से,
सुन्दर होना,
उपयोगी नहीं है,
व्यक्ति को
मन और सोच से भी
सुन्दर होना चाहिए!''



- गिरीश बख्शी

# पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश की मासिक बैठक 20 अक्टूबर रविवार को दोपहर 12.30 बजे ठाकुर प्यारेलाल उ.मा.शला के सभा भवन में आयोजित किया गया। बैठक में प्रान्तीय अध्यक्ष यशवन्त देवान के मुख्य आतिथ्य में अन्य जिलों से आए हुए जिला अध्यक्षों एवं प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई।

उक्त आयोजित बैठक में रायपुर से 6, धमतरी से 8, भाठापारा से 10, खैरागढ़ से 12 पेशनर्स, डोंगरगाँव से 3, घुमका से 5, ग्रामीण इकाई से 10 तथा नगर ईकाई से 25 सदस्य बैठक में उपस्थित हुए कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना फूल माला एवं अबीर गुलाल के साथ जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा संरक्षक निसार अहमद, यशंवत देवान प्रान्तीय अध्यक्ष श्रीमती विद्यादेवी साहू जिला अध्यक्ष रायपुर खुमान सिंह वर्मा जिला अध्यक्ष भाठापारा वीरेन्द्र कुमार नाग जिला अध्यक्ष धमतरी ए.कुजुर जिलाअध्यक्ष चौकी मोहला मानपूर, खैरागढ़ जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल, डोंगरगाँव तहसील अध्यक्ष ज्योतिषराम यादव तथा राजनांदगांव ग्रामीण अध्यक्ष रमेश सिन्हा द्वारा सरस्वती वंदना की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल शर्मा द्वारा पधारे यशवंत देवान प्रान्तीय अध्यक्ष का पुष्पाहार एवं अबीर गुलाल लगाकर स्वागत सत्कार किया गया। साथ ही अन्य जिलों एवं तहसील से पधारे समस्त पेशनरों का फूलमाला एवं अबीर गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। नए पेंशर श्री देवेश सिह राजपूत का पुष्पाहार एवं अबीर गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। माह अक्टूबर में जिनका जन्मदिन है ऐसे महानुभव के.के. दुबे प्रान्तीय महामंत्री का पुष्पाहार एवं अबीर गुलाल से अभिनन्दन किया गया। अतिथियों के द्वारा उद्बोधन की कड़ी में श्री एस.आर. केहरी प्रान्तीय संरक्षक द्वारा संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया जिला अध्यक्ष श्री अनिल शर्मा द्वारा प्रदेश संगठन को मजबूत बनाने एवं संचालन में पारदर्शिता लाने पर जोर दिया था पेशनरों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने हेतु तत्परता लाने पर जोर दिया गया श्री बी.पी. तिवारी धमतरी द्वारा अनाधिकृत अध्यक्ष को नोटिस दिया जावें तथा अपने सारर्भित गीत के माध्यम से पेशनरों में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। जिला महामंत्री श्री सुधीर शेन्डे के द्वारा अवैधानिक प्रान्तीय चुनाव के संबंध में विरोध प्रगट करते हुए अपने जिले में हो रहे गतिविधियों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि यशंवत देवान प्रान्तीय अध्यक्ष के द्वारा समानान्तर संगठन चलाने वालों के द्वारा अवैधानिक चुनाव कराने के संबंध में माननीय कलेक्टर महोदय को लिखित सूचना दिया गया।

जबकि प्रक रण उच्च न्यायालय में लंबित की जानकारी हेतु हुए भी चुनाव प्रकिया प्रांरभ की तब भी उन्हे रोकने के संबंध में अवगत कराया गया। उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद गलत ढंग से चुनाव कराने के संबंध में माननीय कलेक्टर महोदय को अवगत कराया गया जिस पर कलेक्टर द्वारा माननीय रजिस्ट्रार महोदय रायपुर से उक्त संबंध में मार्गदर्शन माँगा गया है। मार्ग दर्शन प्राप्त होते ही कार्यवाही होने के संबंध जानकारी जाएगी। पेशनरों को एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाए रखे हमेशा सच्चाई की जीत होती है। इस अवसर पर श्री यशवत देवान प्रान्तीय अध्यक्षको जिला पदाधिकारियों के द्वारा शाला एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। श्री सी.पी. कोसरिया प्रचार-प्रसार प्रभारी द्वारा श्री देवान को मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया। अंत में रमेश कुमार भोजवानी द्वारा प्रदेश से आए हुए समस्त अतिथिगण एवं समस्त पेशनरों का आभार मानते हुए आभार प्रदर्शन किया गया।










स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com